


निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

हिन्दी मासिक जोधपुर


# माली सैनी सन्देश


वर्ष : 19 अंक : 2 29 फरवरी, 2024 मूल्य : 30/-प्रति




माली समाज धर्मशाला

वाडी डीसा बनासकांठा गुजरात




माली समाज सेवा संस्थान छात्रावास

सिरोही राजस्थान



।। जय बजरंग बली ।।
।। श्री गणेशाय नमः ।।
संत शिरोमणी
श्री लिखमीदासजी महाराज
वक्रतुण्ड महाकाय, सूर्यकोटी समप्रभ।
निर्विघ्नं कुरूमेदेव सर्वकार्येषु सर्वदा ।।
शुभ विवाह निमंत्रण
श्री विनायक जी महाराज एवं संत श्री लिखमीदास जी महाराज
की असीम कृपा से माली समाज की ओर से
सैनिक क्षत्रिय माली सामूहिक विवाह समिति, तीनों गांव नागौर
के तत्वावधान में 71 जोड़ों का
चतुर्थ सामूहिक विवाह सम्मेलन
12 मार्च 2024 (फुलरिया दूज)
मांगलिक कार्यक्रम
घृतपान
फाल्गुन शुक्ल 1
सोमवार, 11.03.2024
सुबह 11:01 बजे
विनायक
फाल्गुन शुक्ल 1
सोमवार, 11.03.2024
दोपहर 02:15 बजे
संगीत संध्या
फाल्गुन शुक्ल 1
सोमवार, 11.03.2024
सांय 7 से 9 बजे तक
बारात निकासी
फाल्गुन शुक्ल 2
मंगलवार, 12.03.2024
सुबह 08:01 बजे
प्रीतिभोज
फाल्गुन शुक्ल 2
मंगलवार, 12.03.2024
सुबह 11:15 बजे से
पाणिग्रहण संस्कार
फाल्गुन शुक्ल 2
मंगलवार, 12.03.2024
सुबह 12:05 बजे
शुभ लग्न में
जिसमें आपको सपरिवार सादर आमंत्रित करते हैं।
विशिष्ट अतिथि
श्री रामवल्लभ भाटी
अध्यक्ष, राज. सै. क्ष. ( माली ) संघ हैदराबाद
श्री बलदेव राम भाटी
पूर्व अध्यक्ष राज. सै.क्ष. ( माली ) संघ हैदराबाद
श्री मिश्रीलाल सांखला
पूर्व मंत्री राज. सै.क्ष. ( माली ) संघ हैदराबाद
श्री योगेंद्र खक्कड़
सरपंच, ग्रा. पं. चेनार - नागौर
पावन सानिध्य
संत डॉ. रामप्रसाद जी महाराज
महंत बड़ा रामद्वारा, सूरसागर, जोधपुर
संत श्री श्यामसुन्दर जी
मुरली मनोहर धोरा, बीकानेर
संत श्री सर्वेश्वर जी महाराज
हीरां बाग बस्सी आश्रम, नागौर
साध्वी सुखीबाई जी
रामसभा, चेनार - नागौर
मुख्य अतिथि
श्री राजेंद्र गहलोत
राज्यसभा, सांसद
श्री अविनाश गहलोत
कैबिनेट मंत्री, राजस्थान सरकार
श्री भगवानराम सैनी
विधायक, उदयपुरवाटी
निवेदक - मुख्य कार्यकारिणी समिति
कृपाराम देवड़ा ( अध्यक्ष )
राजेन्द्र पंवार ( संरक्षक )
देवकिशन सोलंकी ( उपाध्यक्ष ),
मनीष कच्छावा ( उपाध्यक्ष )
सूरजमल भाटी ( सचिव )
कैलाश गहलोत ( कोषाध्यक्ष )

## माली सैनी संदेश पत्रिका के सम्मानीय संरक्षक सदस्यगण


जस्टिस श्रीमान देवेन्द्र कच्छवाह
(पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाईकोर्ट)



एडवोकेट श्रीमान पुरूषोत्तम सोलंकी
(समाजसेवी, बाड़मेर)


श्रीमान नरेन्द्रसिंह गहलोत
(पर्यावरणविद्, समाजसेवी, जोधपुर)


श्रीमान रघुभाई देवड़ा
(भामाशाह - समाजसेवी, सिरोही)


श्रीमान इंजि. जुगल किशोर भाटी
(भेल इण्डिया, भोपाल)


श्रीमान नरपत सिंह सांखला
(बिल्डर्स/समाजसेवी)


श्रीमान संतोक सिंह गहलोत
(व्यवसायी/समाजसेवी)


श्रीमान तारासिंह सांखला
(व्यवसायी/समाजसेवी)

## संपादक की कलम से...

# विचार करें की हम कहा से कहा आ गये...




**मनीष गहलोत**
संपादक

- वर्तमान समय में विकराल रूप लेती सामाजिक जीवन निवेदन है कि दो मिनट का टाइम निकाल कर जरूर पढ़े ये बकवास नहीं है, सच्चाई है, हर समाज का एक कटु सत्य.. !!
- रिश्ते तो पहले होते थे। अब रिश्ते नही सौदे होते हैं। बस यहीं से सब कुछ गड़बड़ हो रहा है।
- पहले खानदान देखते थे। सामाजिक पकड़ और सँस्कार देखते थे और अब ....
- मन की नही तन की सुन्दरता , नोकरी , दौलत , कार , बँगला।
- साइकिल, स्कूटर वाला राजकुमार किसी को नही चाहिये। सब की पसंद कार वाला ही है। भले ही इनकी संख्या 10 प्रतिशत ही हो ।
- लड़को वालो को लड़की बड़े घर की चाहिए ताकि भरपूर दहेज मिल सके और लड़की वालों को पैसे वाला लड़का ताकि बेटी को काम करना न पड़े।
- नोकर चाकर हो। परिवार छोटा ही हो ताकि काम न करना पड़े और इस छोटे के चक्कर मे परिवार कुछ ज्यादा ही छोटा हो गया है।
- पहले रिश्तो मे लोग कहते थे कि मेरी बेटी घर के सारे काम जानती है और अब....
- हमने बेटी से कभी घर का काम नही कराया यह कहने में शान समझते हैं।
- इन्हें रिश्ता नही बेहतर की तलाश है। रिश्तों का बाजार सजा है गाड़ियों की तरह। शायद और कोई नयी गाड़ी लांच हो जाये। इसी चक्कर मे उम्र बढ रही है। अंत मे सौ कोड़े और सौ प्याज खाने जैसा है
- अजीब सा तमाशा हो रहा है। अच्छे की तलाश मे सब अधेड़ हो रहे हैं।
- अब इनको कौन समझाये कि एक उम्र मे जो चेहरे मे चमक होती है वो अधेड़ होने पर कायम नही रहती , भले ही लाख रंगरोगन करवा लो ब्युटी पार्लर मे जाकर।
- एक चीज और संक्रमण की तरह फैल रही है। नोकरी वाले लड़के को नोकरी वाली ही लड़की चाहिये।
- अब जब वो खुद ही कमायेगी तो क्यों आपके या आपके माँ बाप की इज्जत करेगी. ?
- खाना होटल से मँगाओ या खुद बनाओ
- बस यही सब कारण है आजकल अधिकाँश तनाव के
- एक दूसरे पर अधिकार तो बिल्कुल ही नही रहा। उपर से सहनशीलता तो बिल्कुल भी नहीं। इसका अंत आत्महत्या और तलाक
- घर परिवार झुकने से चलता है , अकड़ने से नहीं. ।
- जीवन मे जीने के लिये दो रोटी और छोटे से घर की जरूरत है बस और सबसे जरुरी आपसी तालमेल और प्रेम प्यार की लेकिन...
- आजकल बड़ा घर व बड़ी गाड़ी ही चाहिए चाहे मालकिन की जगह दासी बनकर ही रहे।
- आजकल हर घरों मे सारी सुविधाएं मौजूद हैं....
- कपड़ा धोने की वाशिँग मशीन, मसाला पीसने की मिक्सी, पानी भरने के लिए मोटर, मनोरंजन के लिये टीवी, बात करने मोबाइल,
- फिर भी असँतुष्ट...
- पहले ये सब कोई सुविधा नहीं थी। पूरा मनोरंजन का साधन परिवार और घर का काम था , इसलिए फालतू की बातें दिमाग मे नहीं आती थी। न तलाक न फाँसी
- आजकल दिन मे तीन बार आधा आधा घँटे मोबाइल मे बात करके , घँटो सीरियल देखकर , ब्युटी पार्लर मे समय बिताकर।
- मैं जब ये सब सुनती हुँ कि घर के काम से फुर्सत नही मिलती तो हंसी आती है। बहनो के लिये केवल इतना ही कहूँगा , की पहली बार ससुराल हो या कालेज लगभग बराबर होता है। थोड़ी बहुत अगर रैगिंग भी होती है तो सहन कर लो।कालेज मे आज जूनियर हो तो कल सीनियर बनोगे। ससुराल मे आज बहू हो तो कल सास बनोगी। समय से शादी करो। स्वभाव मे सहनशीलता लाओ। परिवार में सभी छोटे बडों का सम्मान करो। ब्याज सहित वापिस मिलेगा।
- आत्मघाती मत बनो। जीवन मे उतार चढाव आता है। सोचो समझो फिर फैसला लो। बड़ो से बराबर राय लो। उनके उपर और ऊपर वाले पर विश्वास रखो।

**जाति समाज से करें प्यार, सुनो भाई जीवणा दिन चार, जो नहीं करता समाज से प्यार, तो समझो उसका जीवन है बेकार।**
**समाज सेवा है बड़ी हितकारी, मिलकर कदम बढ़ाओ, नर हो या नारी हमारे समाज का सुखी हो हर परिवार**
**विनती करता है माली सैनी संदेश परिवार बारम्बार।**

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ संपादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रंसगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

# माली समाज की बागडोर रमेश सोलंकी के हाथ में कच्छवाह को 102 मतों से हराया, सांखला को मिले 19

**13 दिन पहले निर्विरोध अध्यक्ष बने सोलंकी विरोध के बाद हुई वोटिंग में 102 वोट से जीते**

पाली। माली समाज की बागडोर रमेश कुमार सोलंकी के हाथ में आ गई है। शनिवार को गांधी मूर्ति स्थित माली समाज भवन में हुए चुनाव के दौरान 633 समाज के परिवारों के मुखियाओं द्वारा डाले गए वोट में से 72.67 फीसदी यानि 357 की पसंद रमेश सोलंकी ही रहे। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भंवरलाल कच्छवाह को 102 मतों से पराजित किया। कच्छवाह को 255 मत मिले। तीसरे प्रत्याशी अशोक सांखला को मात्र 19 मतों पर संतुष्ट होना पड़ा। बता दें कि माली समाज के चुनाव पहले 13 जनवरी को प्रस्तावित थे। मैदान में इस बार जीते रमेश सोलंकी थे और उनके सामने थे पूर्व अध्यक्ष कैलाश काबली। बताया जाता है कि समाज के गणमान्य लोगों की समझाइश पाली अध्यक्ष बनने के बाद सोलंकी का विजयी जुलूस भी निकाला गया। पर कैलाश काबली के नाम वापस लेने पर सोलंकी निर्विरोध अध्यक्ष बन गए थे। कुछ समाजबंधुओं के विरोध पर चुनाव 27 जनवरी को तय किए गए। निर्वाचन के बाद समाजबंधुओं ने विजय जुलूस के साथ उनको भटवाड़ा स्थित उनके घर तक पहुंचाया।

**कोचिंग, जरूरतमंदों की सहायता करेंगे : सोलंकी** माली समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रमेश सोलंकी ने बताया कि उनकी प्राथमिकता उच्च शिक्षा के लिए कोचिंग, कंप्यूटर शिक्षा, जरूरतमंद विद्यार्थियों को आर्थिक सहयोग के साथ समाज भवनों में गार्डन विकास व दुकानों का निर्माण कराकर समाज की आय बढ़ाना रहेगी। इसके अलावा समाज भवन में जिम व खेल मैदान, युवक-युवती परिचय सम्मेलन, सामूहिक विवाह, महिला शिक्षा, निशुल्क चिकित्सा शिविर और हॉस्टल संचालन में सुधार करने के कार्य भी टीम सदस्यों व समाज के लोगों को साथ लेकर कराए जाएंगे।



पाली, अध्यक्ष बनने के बाद सोलंकी का विजयी जुलूस भी निकाला गया।



**मतपत्र से मतदान, मतदाताओं को लाने गाड़ियां लगाई**

चुनाव अधिकारी दिलीप परिहार ने बताया कि बैलेट के जरिए मतदान किया गया। पूरे कार्यक्रम की रिकॉर्डिंग भी हुई। चुनाव कमेटी में श्याम पंवार, केसी सैनी, ताराचंद तंवर, हरदीन देवड़ा, मनोज सोलंकी, विनय सांखला, नरेश गहलोत, राजेश कच्छवाह सहित देवीलाल सांखला, प्रदीप कच्छवाह, जगदीशलाल भाटी, रुपाराम भाटी, महेश परिहार, युवा अध्यक्ष सुमित चिंतामणी, अन्नू सोलंकी शामिल थे।

# उत्सव सैनी मिस्टर ब्यावर बॉडी बिल्डिंग मे इन्होने 4 गोल्ड मैडल व 1 सिल्वर मैडल

ब्यावर। श्रीमती मधु सांखला पत्नी स्वर्गिय श्री मदनलाल सांखला की पुत्री नीतू सैनी के सुपुत्र उत्सव सैनी आदर्श नगर गली नं 1 के निवासी हे उत्सव सैनी ने मिस्टर ब्यावर 2024, मिस्टर अजमेर 2024,मिस्टर राजस्थान क्लासिक 2024,मिस्टर राजस्थान क्लासिक फीजिकस 2024,मिस्टर ब्यावर बॉडी बिल्डिंग मे इन्होने 4 गोल्ड मैडल व 1 सिल्वर मैडल जीत कर अपने नाना नानी व अपने परिवार का नाम रोशन किया जगदम्बे फिटनेस्स क्लब द्वारा संचालित इस प्रतियोगीता का संचालत पी पी एस पेरेडाइस गार्डन मे था 28/01/2024 को सम्पनन हुआ सभी ने तालियो के साथ ईन्हे हार्दिक बधाई दी इससे पूर्व भी उत्सव सैनी ने सिंगापूर, शिवगंज , किशनगढ, अजमेर, जयपुर आदी मे भी गोल्ड मैडल जीत कर अपना व समाज का नाम रोशन किया । वर्तमान मे उत्सव सैनी ने अमीटी यूनिवर्सिटी से बी बी ए की डिग्री 1 डिवीजन से प्राप्त की हे।



# नागौर निवासी कच्छवाह 10 दिनों से दे रहे हैं अयोध्या में सेवा

अयोध्या। निशुल्क चाय पिलाकर बन रहे हैं सहभागी प्रतिदिन 15 से 20 हजार श्रद्धालु ले रहे हैं सेवा का लाभ अयोध्या में 22 जनवरी के कार्यक्रम श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के वातावरण में जहां पूरा भारत भक्ति भाव से डूबा है वहीं नागौर के निवासी रामनिवास कच्छवाह भी पिछले 10 दिनों से अयोध्या में निशुल्क सेवा दे रहे हैं। कच्छवाह12 जनवरी से 23 जनवरी तक अपनी सेवा दे रहे हैं। कच्छवाह माटी के कुल्लड़ में अपनी दुकान की प्रसिद्ध केसर चाय श्रद्धालुओं को देकर सेवा प्रदान कर रहे हैं। इस माध्यम से कच्छवाह प्रतिदिन 15 से 20 हजार अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं को चाय पिला रहे हैं। इस कार्य में कंधे से कंधा मिलाकर उनकी पत्नी श्रीमती सुप्यार देवी भी उनका सहयोग कर रही है। साथ ही नागौर निवासी दुलीचंद कच्छवाह तथा उनका स्टाफ भी इस कार्य में श्रद्धा भाव से अपनी सेवाएं दे रहा है। राठौड़ी कुआं, नागौर निवासी व वर्तमान में जयपुर को अपना कर्म क्षेत्र बनाए हुए श्री रामनिवास कच्छवाह पुत्र रामबक्ष कच्छवाह को अयोध्या में अभी चल रहे यज्ञ कार्यक्रम में यजमान बनने का अवसर सु अवसर भी प्राप्त हुआ। आपके द्वारा वहां श्रद्धालुओं के निमित्त चाय की भी सेवाएं दी जा रही है। बहुत-बहुत साधुवाद, शुभकामनाएं। अपने मन की आंखों से संसार जगत को देखने वाले जगतगुरु रामभद्राचार्य के अमृत महोत्सव में आयोजित साथ दिवसीय कथा ज्ञान यज्ञ श्रवण व यज्ञ जजमान का भी लाभ उठा रहे हैं। पूर्वी दिल्ली के सांसद व अभिनेता मंनोज तिवारी द्वारा भी उनकी चाय पीकर नागौर की प्रसिद्ध केसर कुल्लड़ चाय की प्रशंसा की गई।



# खैरथल - तिजारा जिले के समस्त सैनी समाज बंधुओं की आमसभा का हुआ आयोजन, समाज हित में लिए निर्णय

खैरथल। जिले के किशनगढ़ बास के गंज में सैनी भवन में रविवार को खैरथल - तिजारा जिले के समस्त सैनी समाज बंधुओं की आम सभा का आयोजन किया गया। एडवोकेट मुकेश सैनी ने बताया कि खैरथल - तिजारा जिले के सैनी समाज की गंज किशनगढ़ बास सैनी भवन में हुई आम सभा में सर्वप्रथम सभी सामाजिक बंधुओ ने माता सावित्रीबाई फुले और ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए व दीप प्रज्वलित किया। सभा की अध्यक्षता सर्वसम्मति से गंज के मातादीन सैनी ने की। सभा का संचालन तिजारा के इंजीनियर तेजपाल सैनी ने किया। सभा में जिला खैरथल - तिजारा के अंतर्गत आने वाले सभी गांव के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी व्यक्तियों ने अपने-अपने विचार रखे और जिला खैरथल - तिजारा सैनी महासभा का गठन करने की अनुमति प्रदान की। सभा में खैरथल से पधारे शेरसिंह सैनी, महादेव सैनी, प्रेम कुमार सैनी, हरिओम सैनी, राजेश सैनी, हीरालाल सैनी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने समाज का जिले में एक ऐसा मजबूत संगठन बनाना है जिससे हमारे समाज का विकास हो और हमारे समाज में एक नई जागृति उत्पन्न हो। हरसोली से आए समाज बंधुओ में मातादीन सैनी, रूपचंद सैनी, महेंद्र सैनी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमें एक ऐसा सामाजिक संगठन बनाना है जो समाज के विकास का कार्य करें संगठन में पारदर्शिता रहे और जिले भर के समस्त गांव की भागीदारी संगठन में रहे। गादुवास से रामअवतार सैनी, मंढा से श्रीचंद सैनी, बालकिशन सैनी कोटकासिम से चंदू सैनी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए जिला कार्यकारिणी के गठन की सहमति जताई। भिवाड़ी से आए समाजसेवी रामानंद सैनी ने अपने ऐसा संगठन जिले में तैयार करना है जो समाज के विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें समाज का एक उत्थान के लिए कार्य करें, समाज बंधुओ के सुख- दुख में काम आए, सभी को साथ लेकर चले और हमेशा समाज हित को ही अपना सर्वोपरि कार्य माने।तिजारा से सभा में पधारे फूल सिंह सैनी, इंदर सिंह दहिया, श्योनारायण सैनी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि हमें जिला कार्यकारिणी का गठन करते हुए इस बात का विशेष ध्यान रखना होगा की हर छोटे बड़े गांव की भागीदारी संगठन में रहे, सभी को समान रूप से सम्मान मिले, जिला स्तर पर समाज हित के जो भी कार्य हो उन्हें यह महासभा संपन्न कराए। गंज से एडवोकेट मुकेश सैनी, कुलवंत सैनी, बाबूलाल सैनी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए जिला कार्यकारिणी के गठन की सहमति दी और जल्द से जल्द जिला कार्यकारणी का गठन किए जाने की बात कही । शाहाबाद से मास्टर नरेश सैनी ने बताया की जिला सैनी महासभा के गठन की प्रथम मीटिंग तिजारा में 3 जनवरी को आयोजित की गई थी आज 28 जनवरी को गंज किशनगढ़ में इस मीटिंग का आयोजन किया गया है आगामी 11 फरवरी को जिला कार्यकारिणी के गठन पर मंथन करने के लिए खैरथल के सैनी भवन में सभा का आयोजन किया जाएगा। सभा में अधिक से अधिक समाज बंधु अपने विचार व्यक्त करने के लिए पधारे ऐसी उम्मीद की गई। आज की सभा में मंगतुराम सैनी, नवल किशोर सैनी, बलबीर सैनी, विजेंद्र सैनी, बलवंत सैनी, किशन लाल सैनी, हरिभजन सैनी, अनिल सैनी, राधेश्याम सैनी, उमराव लाल सैनी, बाला प्रसाद सैनी, छज्जू राम सैनी, गणपत सैनी, भवानी सैनी, पदम सैनी, योगेश सैनी, सुंदरलाल सैनी, अशोक सैनी, कुलवंत सैनी, मातादीन सैनी, सुभाष सैनी आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे ।





चूरू में जिला स्तरीय सैनी समाज प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन, समाज की 260 प्रतिभाओं का सम्मान

# शिक्षा से ही समाज आगे बढ़ सकता हैं, विद्यार्थी लक्ष्य तय कर परिश्रम करें : विधायक कुशवाह





चूरू टाउन हॉल में आयोजित जिला स्तरीय सम्मान प्रतिभा समारोह में सम्मानित प्रतिभाएं व अतिथी। कार्यक्रम में मोजुद समाज के गणमान्य लोग।

चूरू। टाउन हॉल में रविवार को सैनी समाज कर्मचारी व अधिकारी सेवा संस्थान की ओर से जिला स्तरीय सैनी समाज प्रतिभा सम्मान समारोह व वार्षिक सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि धौलपुर विधायक शोभारानी कुशवाह थीं। कुशवाह ने कहा कि संगठन में शक्ति होती है, इसलिए समाज के हर व्यक्ति को संगठित रहना चाहिए। शिक्षा से ही समाज आगे बढ़ सकता हैं। विद्यार्थी अपना लक्ष्य निर्धारित कर परिश्रम करें, क्योंकि मेहनत ही सफलता का मूल हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता चूरू नगरपरिषद सभापति पायल सैनी ने की। वहीं बांदीकुई विधायक भागचंद टांकड़ा, उदयपुरवाटी विधायक भगवानाराम सैनी, संस्थान जिलाध्यक्ष शंकरलाल बालाण, पूर्व रतनगढ़ पालिकाध्यक्षशिव भगवान कम्मा, पूर्व उपाध्यक्ष आशाराम सैनी, पूर्व सरदारशहर पालिका उपाध्यक्ष कृषि उपज मंडी निदेशक नरेंद्र मुरलीधर सैनी, सैनी समाज कर्मचारी एवं अधिकारी विकास संस्थान प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कुमार सैनी, उमरैण (अलवर) पंचायत सैनी, छापर पालिकाध्यक्ष श्रवण कुमार सैनी, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष राधेश्याम सैनी, पूर्व बीसूका समिति पूर्व प्रधान अभय सैनी, लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी प्रदेशाध्यक्ष गिरधारी लाल तंवर, युवा प्रतिष्ठान सैनी समाज मुंबई के अध्यक्ष मुरली मनोहर बालाण, पवन सैनी, शिव भगवान सैनी, मदनलाल कम्मा, भाजपा ओबीसी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष बजरंगलाल दईया, मानसिंह खाड़ोलिया, पूर्व राजगढ़ पालिकाध्यक्ष जय भगवान सैनी आदि विशिष्ट अतिथि थे। सीमा, दिव्या, मेघना, वर्षा व अंतिमा ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम संयोजक ओंकारमल सैनी ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम में अतिथियों ने समाज की 260 प्रतिभाओं का सम्मान किया।

**वक्ताओं ने कहा- ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों को मिलता है प्रोत्साहन**

सभापति पायल सैनी ने कहा कि समाज को शिक्षा जगत में अपने बच्चों को प्रोत्साहित कर देश-प्रदेश में गौरव बढ़ाना चाहिए। अतिथियों ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चे प्रोत्साहित होते हैं। इस अवसर पर नारायण बालाण, भंवरलाल गौड़, चंद्रमोहन तंवर, जिला कोषाध्यक्ष सांवरमल गौड़, जिला महासचिव पन्नालाल दईया, अनिल बालाण, पार्षद भागीरथ दईया, पूर्व पार्षद सुशीला देवी पापटाण, एडवोकेट गायत्री देवी, शांति देवी, वंदना डॉ. निर्मल सैनी, राजकुमार राकसिया, गोगराज राकसिया, शंकर लाल दईया, भंवरलाल राकसिया, चुन्नीलाल बेरवाल, मुकेश सैनी, अशोक गौड़, गोविंद तंवर, रामनिवास, राजगढ़, राजकुमार सांखला, नंदलाल गौड़, मुकेश पंवार, सुरेंद्र कुमार खडोलिया, पार्षद चंद्रप्रकाश सैनी, हुलासमल कम्मा, डूंगरमल मारोठिया आदि उपस्थित थे। संचालन जयंत परिहार, डॉ. निर्मला सैनी व मोनिका सैनी ने संयुक्त रूप से किया। जिलाध्यक्ष बालाण ने आभार जताया।

# मोनिका गहलोत की स्मृति में भेंट किए मेडिकल उपकरण



जोधपुर। मगरा पूंजला क्षेत्र में हीराला बेरा निवासी मोनिका गहलोत पत्नी वीरेंद्र गहलोत के निधन के बाद उनके परिजनों ने मोनिका की पुण्य स्मृति में रामरथ सेवा समिति मंडोर के पदाधिकारियों को मेडिकल उपकरण भेंट किए। रामरथ सेवा समिति मंडोर मानवहित सेवा कार्यो को लेकर सक्रिय रही है। समिति के सेवा कार्य को देखते हुए हीराला बेरा के गहलोत परिवार की ओर से समिति के पदाधिकरियों एवं सदस्यों की उपस्थिति में उपकरण भेंट किए। इस मौके समिति के पदाधिकारियों ने गहलोत परिवार का आभार जता मानवीय सेवा के लिए सक्रिय रहने का आग्रह किया।

# सामूहिक विवाह सम्मेलन 12 मार्च को, अब तक 42 जोड़ों का पंजीयन


नागौर

नागौर। सैनिक क्षत्रिय माली सामूहिक विवाह समिति तीनों (गांव) नागौर के तत्वावधान में 12 मार्च 2024 को चतुर्थ सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए रविवार तक 42 जोड़ों का पंजीयन किया गया। माली समाज अध्यक्ष कृपाराम देवड़ा ने बताया कि जोड़ों का पंजीयन पूर्णतया पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है। जिन जोड़ों को पंजीयन किया जा रहा है, उनको स्वयं परिजनों सहित माली संस्थान कार्यालय में उपस्थित होना अनिवार्य है। विवाह योग्य आयु होने के बाद सभी से सहमति पत्र लिया जा रहा है। जन्मतिथि प्रमाण के लिए भी दो राजपत्रित अधिकारियों से प्रमाणिक करवाया जा रहा है। माली संस्थान के व्यवस्थापक रूप सिंह देवड़ा ने बताया कि जोड़े का फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 5 फरवरी तक रखी गई है। सामूहिक विवाह सम्मेलन में नागौर व डीडवाना कुचामन जिला शामिल - कुचामन जिला शामिल है। विवाह समिति के निर्णय अनुसार अंतिम तिथि के बाद पंजीयन नहीं किया जाएगा। बलदेवराम भाटी मामा सेठ राम वल्लभ भाटी परिवार ने विवाह सम्मेलन के लिए लाइट और भोजन की व्यवस्था करवाने की घोषणा की। वहीं पूर्व मंत्री मिश्रीलाल सांखला ने सामूहिक विवाह सम्मेलन के निमित्त 5 लाख 1 हजार एक रुपए देने की घोषणा की। इस दौरान सैनिक क्षेत्रीय माली सामूहिक विवाह समिति के अध्यक्ष कृपाराम देवड़ा, भामाशाह रामेश्वर सांखला, उपाध्यक्ष देवकिशन सोलंकी, मनीष कच्छवा, कोषाध्यक्ष कैलाश गहलोत, डायरेक्टर पाबूराम सांखला-अर्जुनराम कच्छवाह, सह सचिव रामचंद्र सांखला, युवा मंत्री दीपक गहलोत, डायरेक्टर हेमंत टाक, धर्मेंद्र सोलंकी, माली संस्थान के डायरेक्टर अशोक भाटी मौजूद रहे। सम्मेलन 14 फरवरी को, 34 जोड़े पंजीकृत

**मेड़तासिटी।** महात्मा ज्योतिबा फुले माली सैनी समाज संस्थान मेड़ता के तत्वावधान में बसंत पंचमी 14 फरवरी को छठा सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोहित होगा। सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर समिति की ओर से घर-घर समाज बंधुओं से सम्पर्क किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को समाज के पूर्व अध्यक्ष गोरधन माली के निवास पर समिति एवं समाज के पदाधिकारियों का अभिनंदन के साथ ही सामूहिक विवाह सम्मेलन को सफल बनाने के लिए भागीदारी निभाने का आह्वान किया गया। जानकारी के अनुसार सम्मेलन को लेकर अब तक 34 जोड़े पंजीकृत किए गए हैं, तुलसी विवाह भी इसी मौके पर होगा। कार्यक्रम में माली समाज के अध्यक्ष जब्बरचंद भाटी, पूर्व अध्यक्ष गोरधन माली, पूर्व अध्यक्ष बादरराम सांखला रमजीराम गहलोत, पुखराज टाक, मनोहरलाल गहलोत, कोषाध्यक्ष पार्षद राजेंद्र सांखला राजसा, राजस्थान प्रदेश माली महासभा प्रदेश प्रवक्ता ताराचंद कच्छवाह, पार्षद ओमप्रकाश गहलोत, दिलीप टाक, नेमीचंद देवड़ा, पूर्व सरपंच रामस्वरूप दगदी, रामचंद्र जादम, रामरतन गहलोत, नव युवक मंडल पूर्व


मेड़ता सिटी

# आधुनिकता के बीच शादी में वैदिक मंत्रों से लिखी समिधा से हुआ हवन
## फेरे के दौरान रखा वैदिक संस्कृति का ख्याल

जोधपुर। आज के इस आधुनिक युग में हर युवा अपनी शादी को लेकर बहुत उत्साहित होते हैं और शादी में आधुनिकता से लबरेज हर वह कार्यक्रम करते हैं, जो समाज और शहर में चर्चा का विषय बने, मगर हाल ही में जोधपुर के सूरसागर में हुई शादी में आधुनिकता के साथ-साथ वैदिक पद्धति का भी ख्याल रखा गया। खासकर शादी के फेरे के समय यज्ञ के हवन में वैदिक मंत्रों से लिखी सविधा का उपयोग किया गया। समिध ऋषियों द्वारा यज्ञ के हवन में उपयोग में लाई जाने वाली वो लकड़ियां होती है। खंड काल इन समिधा में अग्नि मंत्रों से ही प्रज्वलित होती थी। जानकारी के अनुसार सूरसागर के रहने वाले पत्थरों की खान के व्यवसायी सोमेंद्र सिंह, अजय सिंह व भरत सिंह गहलोत की पुत्री प्रज्ञा का विवाह राजेंद्र सोलंकी के पुत्र दिपांशु के साथ वैदिक संस्कृति से हुआ। इस दौरान यज्ञ में हवन के लिए वैदिक मंत्रों से लिखी समिधा का उपयोग को किया। विवाह करने वाले पंडितो ने बताया कि ऐसा इस आधुनिकता में आज कल लोग ध्यान नहीं रखते है। वैदिक विवाह विधि का है महत्व समावर्तन तथा विवाह संस्कार के वैज्ञानिक व पारिवारिक महत्व को सरल संस्कार की प्रमुख विशेषता थी कि यज्ञ के समय काम में ली गई समिधाओं पर क्रियाओं से संबद्ध मंत्रों को उकेरा गया था । इस प्रकार मंत्रार्थ क्रिया के साथ साकार होता दिखाई दिया। विवाह वैदिक विधि के अनुसार पूर्व विधि और उत्तर विधि के रूप में शोटीसदन तथा प्रातः सदन में समारोह व उल्लासमय वातावरण में सम्पन्न हुआ । गहलोत परिवार सत्यसनातन वैदिक धर्म में दीक्षित है। इस अवसर पर परिवार के पाँचवी गया इससे पूर्व कोरोना काल में भी एक पुत्री का विवाह संस्कार विधि विधान से कोरोना के नियमो की पालना करते हुए किया था।

**इनका कहना है** हर बच्चे का सपना होता है की उसकी शादी यादगार होनी चाहिए। हमने उनके सपनों का भी ध्यान रखा और वैदिक पद्धति से कैसे ये शादी हो सकती है वो भी अपने स्तर पर अलग से ध्यान रखा। - अजय सिंह गहलोत,







## स्टोन मार्ट में युवा उद्यमी युधिष्टर देवड़ा को मिले करोड़ो के ऑर्डर

# इस बार शो  में 45 देशो के खरीददार पहुंचे




जयपुर। सीतापुरा के जेईसीसी में आयोजित चार दिवसीय इंडिया स्टोन मार्ट में एक हजार करोड़ रुपए का कारोबार होने की उम्मीद है। इस एक्सपो में देश-विदेश के खरीदारों की काफी भीड़ देखी जा रही है। इस बार 45 देशों के खरीदार शो में पहुंचे हैं। स्टोन मार्ट आयोजक सीडोस के वाइस चेयरमैन राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि शो से प्रदेश के प्राकृतिक पत्थर उद्योग को करीब एक हजार करोड़ का नया बिजनेस मिलेगा। इस बार वियतनाम की भागीदारी उल्लेखनीय रही। मार्बल और सेंड स्टोन के साथ ग्रेनाइट की मांग बढ़ी है। रविवार को शो का अंतिम दिन है। जोधपुर के बाबा मार्बल्स के युधिष्ठिर देवड़ा ने बताया कि उन्हें 12 लाख वर्ग फीट के दो ऑर्डर के साथ और मंदिर निर्माण का काम मिला है। अभी तक उन्हें 150 करोड़ रुपए के ऑर्डर मिल चुके है। केजीके ग्रुप के वाइस प्रेसिडेंट संजय कोठारी ने बताया कि उन्हें भी काफी ऑर्डर मिले हैं। स्टोन आर्टिकल निर्माताओं ने कलाकृतियां प्रस्तुत की है। खनन विभाग की स्टॉल पर भूकिया के सोने के संभावित डिपोजिट खान के सेंपल दिखाएं जा रहे हैं। आरएसपीसी ने 41 जिलों के  उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं। शनिवार को एक्सपो जयपुर आर्किटेक्चर फेस्टिवल हुआ। इसमें वास्तुकारों ने कहा कि बढ़ते दाम के कारण हमें पत्थरों का किफायती उपयोग करना होगा। सीमेंट कंक्रीट का दुबारा उपयोग नहीं किया जा सकता, लेकिन पत्थरों के निर्माण को ढहाने की स्थिति में निर्माण सामग्री का दुबारा उपयोग संभव है।

**टाटा हिताची के इनोवेशन का प्रदर्शन:** टाटा हिताची ने स्टोनमार्ट में नए उपकरण, अटैचमेंट और इनोवेटिव सॉल्यूशन प्रदर्शित किए है। इनमें एस्केवेटर जैडएक्सिस 370 एलसीएच, जैडएक्सिस 23यू, व्हील लोडर टीएल 340एच, बैकहो लोडर-प्रो, अटैचमेंट रॉक ब्रेकर और क्विक कपलर शामिल हैं। कंपनी के महाप्रबंधक बी. के. आर प्रसाद ने कहा कि कंपनी नया जैडएक्सिस 220 एलसीअल्ट्रा भी लॉन्च करेगी। इसको माइनिंग में पर्यावरण सुरक्षा के लिए डिजायन किया है।

**एल्गी का पोर्टेबल स्क्रू एयर कंप्रेसर लॉन्च:** एयर कंप्रेसर कंपनी एल्गी इक्विपमेंट्स ने स्टोन मार्ट में गेम चेंजिंग पी जी 550-215 ट्रॉली- माउंटेड पोर्टेबल स्क्रू एयर कंप्रेसर लॉन्च किया है। आउटडोर मशीनरी एरिया बी में एल्गी बूथ 6 पर खनन उद्योग के लिए एल्गी के इलेक्ट्रिक- पावर्ड पी जी 110 ई. पी जी 55 ई और पी जी 5 ई पोर्टेबल एयर कम्प्रेसर्स भी दिखाए गए। इसको खनन में मुनाफा के लिए डिजाइन किया गया है। कंपनी ने इलेक्ट्रिक पावर्ड कम्प्रेसर्स की पी जी 110 ई. 55 ई और 75 ई सीरीज प्रदर्शित की है।

# डीसा में 23 वॉ सामूहिक विवाह का आयोजन में 46 जोड़ो ने थामा एक दूसरे का हाथ

डीसा। माली समाज समूह लग्न समिति डीसा में 23 वा सामूहिक विवाह का आयोजन दिनांक 6-2-2024 के दिन संपन्न हुआ।

इस 23वें सामूहिक विवाह में मुख्य यजमान के तौर पर महेशभाई कान्हाजी के परिवार ने लाभ लिया और भोजन प्रसाद के लाभार्थी परिवार श्रीमान देवचंद जी रगाजी कच्छवाह  ने लाभ लिया साथ में कई दानदाताओं ने कन्यादान के रूप में बहुत सारी भेंट दी।

इस सामूहिक विवाह में समाज के लगभग 25000 लोगों की उपस्थिति में यह सामूहिक विवाह संपन्न हुआ। डीसा माली समाज में यह उत्सव हर साल बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाता है और इस कार्यक्रम में सबसे ज्यादा समाज बंधु अपनी हाजिरी देखकर इस कार्यक्रम का लाभ लेते ही इस विवाह समारोह में 46 जोड़ों ने अपने नये जीवन की शुरुआत की। मंच संचालन गणपत भाटी डीसा वालों ने किया।








# सनातन संस्कृति का डंका बज रहा है पूरे विश्व में: मुख्यमंत्री

नागौर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा नागौर जिला मुख्यालय के निकटवर्ती गांव अमरपुरा पहुंचे। मुख्यमंत्री ने संत शिरोमणि श्रीलिखमीदासजी महाराज स्मारक विकास संस्थान, अमरपुरा नागौर के तत्वावधान में आयोजित सम्मान समारोह में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने अमरपुरा के संस्थान परिसर में बने हेलीपैड पर पहुंच कर सर्वप्रथम देव मंदिर में पूजन वंदन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने संस्थान के पदाधिकारियों के साथ संत लिखमीदास जी महाराज के स्मारक में पूजन वंदन करके आशीर्वाद लिया तथा अपने श्रद्धा भाव पुष्पांजलि के माध्यम से प्रकट किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि लोक देवता लोक कला, संस्कार संस्कृति के वाहक हैं। उन्होंने अपने जीवन में जो नियम बनाए व कार्य किए वह उनकी हम सबको याद कराते हैं। आगे आने वाली पीढ़ी के संस्कार, संस्कृति व विचार उनके अनुरूप बने यह इस प्रकार की प्रेरणा देते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की पीढ़ी को उनके संस्कार, संस्कृति व विचारों के बारे में ध्यान नहीं है। हमारी पहली पाठशाला हमारे परिवार माता पिता व बुजुर्ग है। पहले भारतीय समाज में संयुक्त परिवार का प्रचलन था जिसके कारण से



बच्चों को सामूहिकता के संस्कार प्राप्त होते थे। आजकल हम दो हमारे दो के कारण से अनेक अन्य वि तियां भी आई है। वर्तमान समय में लोक देवताओं के माध्यम से हमारे संस्कार, संस्कृति में विचार बने रहें इसकी आवश्यकता है। भारत ने अपनी सनातन संस्कृति का डंका पूरे विश्व में बजाया है। भारतीय संस्कृति, संस्कारों का विनाश व विचार नष्ट हो रहे हैं इस करण महापुरुषों के विचार व कार्य की जानकारी आवश्यक है। भारत में 2014 के बाद स्थितियां बदली है। विश्व में अपनी विराट संस्कृति व अपनी पहचान बनाने का कार्य यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर, महाकाल का विकास, भोलेनाथ का भव्य कॉरिडोर के रूप में अपने संस्कृति व संस्कारों को मूर्त रूप देने का कार्य किया है। जनसमूह से आह्वान करते हुए कहा कि कहा कि लोकदेवतों के माध्यम से आगे आने वाली पीढ़ी अपने माता-पिता, भारत माता व पर्यावरण के प्रति श्रेष्ठ भाव रखें तथा अपनी संस्कृति को बचाएं इसकी आवश्यकता है। उसमें आप सबका सहयोग जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के बालकिशन भाटी ने किया। संस्थान अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत ने मुख्यमंत्री, वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों व आगंतुक श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्व सांसद सीआर चौधरी, कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत, जोगाराम पटेल, सैनिक क्षत्रिय माली संस्थान नागौर के अध्यक्ष कृपाराम देवड़ा, संत शिरोमणि श्री लिखमीदास जी महाराज स्मारक विकास संस्थान, अमरपुरा नागौर के उपाध्यक्ष मोती बाबा सांखला, सचिव राधाकिशन तंवर, सहसचिव हरिश्चंद्र देवड़ा, कोषाध्यक्ष कमल भाटी, कार्यकारिणी सदस्य बहादुर सिंह भाटी, भगवानाराम सुंदेशा, पाराम गहलोत, जोधपुर के नरेंद्र सिंह कच्छवाह, जीवणमल भाटी, सुमेरपुर के दीपक भाटी, सुमित्रा सैनी व सोयला के कालूराम सोलंकी सहित अनेक गणमान्य बंधु उपस्थित रहे।

# बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक सौ एक कन्याओं का महापूजन कार्यक्रम

बालोतरा। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक सौ एक कन्याओं का महापूजन कार्यक्रम 11 को महापूजन के फॉर्म का किया विमोचन बालोतरा, 12 फरवरी। कैलाश मेमोरीयल सेवा संस्थान के संगठन मंत्री अशोक सोलंकी ने बताया कि आगामी 11 अप्रैल को समाजसेवी महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के उपलक्ष में बालिका शिक्षा को जागरूकता के लिए एक सौ एक कन्याओं का महापूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में सोमवार को माली समाज भवन गांधीपुरा में समाज की गणमान्य नागरिकों द्वारा कन्या पूजन के फार्म का विमोचन किया गया एवं ज्यादा से ज्यादा संख्या में बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ने व कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आग्रह पर किया गया। कार्यक्रम में माली समाज विकास समिति अध्यक्ष बाबूलाल गहलोत, सेवा संस्थान अध्यक्ष गजेंद्र पंवार, माली समाज गैर मंडल अध्यक्ष जीवाराम परमार, समाजसेवी बाबूलाल चौहान एवं बाबूलाल गहलोत समेत सांवलाराम चौहान माणकचंद गहलोत, धर्माराम गहलोत,चौथाराम चौहान,भीमाराम चौहान,मंगलाराम टाक, रामेश्वर जी सिवाना, गोविंद राम जी सुन्देशा, लूणाराम चौहान,अशोक पंवार,पीराराम जी चौहान ,ओमप्रकाश ,सांवलराम परमार,धुडाराम टाक, रणछोड़ जी गहलोत माली समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# गांधीनगर में माली समाज सरकारी कर्मचारी परिवार द्वारा डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट प्रीमियर लीग 2024 खेला गया

गांधीनगर। गांधीनगर में माली समाज सरकारी कर्मचारी परिवार द्वारा डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट प्रीमियर लीग 2024 खेला गया गुजरात राज्य की हरित राजधानी गांधीनगर में माली समाज के सरकारी कर्मचारियों द्वारा दिनांक 10-02-2024 एवं 11-02-2024 डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट प्रीमियर लीग 2024 का आयोजन किया गया। पिछले 28 वर्षो से अपने खर्च पर सांस्कृतिक विरासत को उजागर करने वाले जितेन्द्रकुमार मगनाजी टांक ''कवि जिम'' ने दीप जलाकर और रिबन काटकर कार्यक्रम का उद्‌घाटन किया। वंदे मातरम्-धानेरा, के के कंगारू-राणपुर, महाकाल वोरियर्स-सरदारपुरा, शिवशक्ति इलेवन-वडिया, बजरंग इलेवन-वखा, द्वारकाधीश इलेवन-वडिया, किंग्स इलेवन-मालगढ़, शीतला इलेवन-लुणावा, साउथ सुपर किंग्स-दक्षिण जोन और धरणीधर इलेवन-भाभर जैसी दस टीमने भाग लिया और अपनी किस्मत अजमाई। ईश्वरभाई माली (आकोली) अमरतभाई माली (थराद) टी-शर्ट दानकर्ता आई सी गेलोत, नवीनभाई माली (डीसा) ट्रॉफी दानकर्ता जेएनडी ग्रुप अहमदाबाद एवं नामांकित शिक्षा प्रेमी एवं दिलदार दानदाताओं के सहयोग एवं प्रेरक उपस्थिति में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अंतिम मुकाबला के के कांगारू-राणपुर और किंग्स इलेवन मालगढ़ के बीच में था। किंग्स इलेवन मालगढ़ टीम 'चैंपियन' बनी और के के कंगारू टीम उपविजेता रही। श्री गुजरात राज्य कर्मचारी महामंडल के उपप्रमुख एन डी माली ने बताया था की टूर्नामेंट के अलावा क्रिकेट मैदान पर सरकारी कर्मचारियों का एक स्नेहमिलन भी रखा गया था। यहां उल्लेखनीय है कि मोरथल के विष्णुभाई माली (एंकर), हिंदूभाई परमार और मोंटूभाई पढियार ने खुशी से कॉमेंट्री की सेवा दी और दिलीपभाई माली, अश्विनभाई माली, एन टी माली, दलपतभाई माली और हितेशभाई माली ने सुपर से भी ऊपर के आयोजन में बहुत शानदार कार्य किया जिसे क्रिकेट प्रशंसकों ने दिल से सराहा।










# महात्मा ज्योतिबा फुले सैनी छात्रावास कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में विधायक का सम्मान किया



दौसा। जिला मुख्यालय पर रविवार को महात्मा ज्योतिबा फुले सैनी समाज छात्रावास में कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण व नवनिर्वाचित विधायक का अभिनंदन समारोह आयोजित हुआ।

गणेशपुरा रोड स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले सैनी समाज छात्रावास में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि बांदीकुई विधायक भागचंद टांकड़ा अध्यक्षता जिला प्रमुख हीरालाल सैनी ने कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा ज्योतिबा फुले व सावित्री बाई फुले की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान नवनिर्वाचित विधायक भागचंद टांकड़ा का समाज के तहसील अध्यक्ष, ज्योतिबा फुले अध्यक्ष, सरपंच, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य व समाज के गणमान्य लोगों ने साफा व माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस के बाद मुख्य अतिथि विधायक ने छात्रावास पदाधिकारी व कार्यकारिणी को शपथ ग्रहण कराया।

इस अवसर पर विधायक भागचंद टाकड़ा ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने व समाज को छात्रावास में अधिक से अधिक सहयोग देने की अपील की गई। छात्रावास सचिव रंगलाल सैनी ने प्रतिवेदन पेश किया। छात्रावास अध्यक्ष गिरधारी लाल सैनी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष गिर्राज प्रसाद सैनी, तहसील अध्यक्ष ईश्वर लाल सैनी, एडवोकेट डी.पी. सैनी, कालूराम पटेल, कानाराम भालका, सीताराम, भगवान सहाय, भागचंद लालसोट, तेजपाल आलूदा, भीख नारायण सिकंदरा, शंकर लाल, रतन लाल लालसोट, गोविंद नारायण दौसा, छोटेलाल, राजेंद्र कुमार, बाबूलाल बहरावंडा सहित अनेक लोग मौजूद थे।

वेलेंटाइन डे विशेष – बिखराव में आर्थिक तंगी हुई तो चार भाइयों ने मिलकर शुरू की होटल, अब पूरे जालोर में है नाम

# प्यार से सजा नरसो बा के चार बेटों का परिवार इनका वेलेंटाइन हर डे, इसलिए 30 साल से हैं साथ





जालोर।14 फरवरी, वेलेंटाइन डे यानि मोहब्बत के इजहार का दिन। पश्चिमी संस्कृति का ये पर्व साल में एक दिन का है लेकिन जालोर में एक ऐसा परिवार है जिसके व्यापार के नींव ही प्यार पर रखी गई है। चार भाइयों ने मिलकर होटल शुरू की और हर दिन प्यार का दिन मानते हुए आपस में मिलजुलकर रहे तो इससे संयुक्त परिवार भी बना और इनकी मोहब्बत की मिसाल देता ये होटल पूरे जालोर में प्रसिद्ध भी हुआ।

हां, सही पहचाना.... हम बात कर रहे है जिला मुख्यालय पर अस्पताल चौराहे पर स्थित नरसो वा के होटल की। जालोर निवासी नरसाराम सोलंकी के पांच बेटे शंकरलाल, देवाराम, रोटाराम, कुकाराम व हरिराम थे। शुरुआत में अलग हुए तो आर्थिक तंगी ने हालत खराब कर दी। बाद में पिता ने प्यार और एकता को पाठ पढ़ाया तो चार बेटे शंकरलाल, देवाराम, कुकाराम व हरिराम एक जाजम पर आ गए। भाइयों में दूरी नहीं बने इसलिए नरसो वा होटल की नींव रखी। पहले चाय की होटल लगाई और बाद में खाने की। नियम बना दिया कि होटल शुरू करने से पहले गले मिलेंगे ताकि पूरा दिन खुशनुमा बना रहे। इसी प्यार मोहब्बत के साथ होटल पर आने वाले ग्राहकों से भी बात करते है तो अब उनका आपसी प्यार ही होटल के लिए मिसाल बन चुका है। तीस साल से साथ है, एक भाई का निधन हो चुका है। एक भाई रोटाराम शुरू से अलग ही व्यापार करता है।

**बड़े भाई का निधन हुआ तो उसके बेटे को बनाया मुखिया, अब चाचा भी मानते हैं उसकी बात** पांच में से चार भाइयों ने जिस प्रकार से एक साथ काम शुरू किया, उसी प्रकार का काम अभी भी चल रहा है। होटल में एक ही कुटुंब परिवार के दस से अधिक सदस्य संयुक्त परिवार के रूप में लोगों के लिए प्रेरणा बने हुए हैं। पूर्व में सबसे बड़ा भाई शंकरलाल कुटुंब के मुखिया के रूप में थे। उनके निधन के बाद परिवार के संचालन के लिए बड़े भाई के बेटे पुखराज को मुखिया बनाया हुआ है। ताकि परिवार में आपसी स्नेह व एकता बनी रहे।

**कोई सब्जी में तो कोई रोटी बनाने में माहिर** नरसोबा की यह होटल सादा भोजन के लिए प्रसिद्ध है। इन भाइयों में कोई सब्जी बनाने में तो कोई बड़ी रोटी बनाने में माहिर हैं। शंकरलाल का कुछ वर्षो पहले निधन हो गया। उसके बाद होटल पर देवाराम, कुकाराम व हरिराम तथा इनके बेटों ने काम करना शुरू कर दिया। तीनों भाइयों में एक की उम्र 75 वर्ष तो एक की 62 तथा एक 58 वर्ष के हैं। तीनों भाइयों को एक साथ काम करते देख यहां भोजन करने आने वाले भी कुटुंब परिवार की तारीफ करते नहीं थकते।

**परिवार की एकता से बढकर कोई खुशी नहीं :** तीस वर्षो से अधिक का समय गुजर गया है। चार भाई एक साथ रहे इसलिए बड़े भाई के सानिध्य में हमने होटल शुरू की। हम भाइयों ने अच्छा शुद्ध भोजन उपलब्ध करवाकर जनता की सेवा करने की ठानी। ताकि परिवार का गुजारा भी चल सके और आमजन को शुद्ध भोजन की सुविधा भी उपलब्ध हो सके। बस इसी जुनून के चलते पूरा जीवन यहीं गुजारा। अब बच्चे भी इसमें साथ दे रहे हैं।– **कुकाराम सोलंकी, (62 वर्ष)**

**आपसी स्नेह से बढ़कर कुछ भी कीमती नहीं** वर्तमान जीवन में दो भाई आपस में मिलकर नहीं रह पाते। परिवार में दूरियां बढ़ जाती है। इसी माहौल को देखते हुए हम भाइयों ने एक साथ रहना पसंद किया। बड़े भाई के सानिध्य में काम चलता गया। बड़े भाई तो अब रहे नहीं, लेकिन हम उनके आदशों का पालन करते हैं। आपसी स्नेह से बढकर कोई कीमती नहीं। बच्चों को भी आपस में मिलकर रहने की सीख देते हैं। – **हरिराम सोलंकी, (58 वर्ष) जालोर**

# सामूहिक विवाह सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन




मकराना। प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत बुधवार दोपहर को अपनी निजी यात्रा पर मकराना आए। वे शहर में चार अलग अलग जगहों पर गए। इस दौरान सर्वप्रथम वे मंगलाना रोड पर युवा हिन्दू गौ रक्षा सेवा समिति द्वारा संचालित नि:शुल्क गौ सेवा केन्द्र पर रूके जहां समिति संस्थापक पूरणमल कुमावत के नेतृत्व में गौसेवकों ने उनका अभिनंदन किया। इसके बाद मंत्री गहलोत झालरा तालाब स्थित हनुमान इन्दौरा के निवास पर गए और इंदौरा की माता छोटी देवी के निधन पर शोक व्यक्त कर परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने इसके बाद माली समाज के लोगों से वार्ता की। उन्होंने कहा कि मैं माली समाज का बेटा हूं परंतु पार्टी के बगैर भी मैं कुछ नहीं हूं। भाजपा ने हमेशा कार्यकर्ताओं की कद्र कर उन्हें मौका दिया है। भाजपा की विचारधारा देश व प्रदेश का समग्र विकास करने की है। उन्होंने बिदियाद में 11 मार्च को आयोजित होने वाले माली समाज के 25वें सामूहिक विवाह सम्मेलन के कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन भी किया। पूर्व विधायक भींचर व प्रधान सुमिता भींचर से चर्चा की। गहलोत वहां से पूर्व विधायक रूपाराम मुरावतिया के निवास पर गए।

**समाज के कार्यकर्ता और अधिकारी रहे मौजूद** इस मौके पर तहसीलदार कृष्णा शर्मा, थानाधिकारी राजेन्द्र सिंह कमाण्डो, खारिया सरपंच देवीलाल कुमावत, सेवाराम दगदी, एडवोकेट आबिद गैसावत, पूर्व विधायक रूपाराम मुरावतिया, पूर्व विधायक श्रीराम भींचर, हनुमान इंदौरा, गीता सोलंकी, जेके इन्दौरा, श्रवण सोलंकी, भंवरलाल गहलोत, महिपाल राजपुरोहित प्रवीण तंवर, जेके तंवर, रामप्रसाद तंवर, रामप्रसाद सैनी, सूरजमल सोलंकी, कैलाश तंवर मौजूद रहे।

## शिक्षक ने मेहनत कर लगवाई 142 की नौकरी

### गोगेलाव के शारीरिक शिक्षक हनुमान सिंह देवड़ा ने जगाई अलख



गोगेलाव। गांव गोगेलाव शारीरिक शिक्षक हनुमान सिंह देवड़ा ने जुलाई 1995 राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गोगेलाव में शारीरिक शिक्षक पद पर जश्वनिंग की थी। उसके बाद लगातार प्रयास से लगभग 213 विद्यार्थियों को अलग-अलग सरकारी सेवा में चयन का मौका मिला। हनुमान सिंह बताते हैं ना रात अच्छी ना दिन देखा लगातार मेहनत करते रहे। गोगेलाव गांव व आसपास के नागौर. कार्यक्रम में मौजूद । गांव के विद्यार्थी अध्ययन के लिए आते थे, उन्होंने हर दिन मैदान हो या पढ़ाई हो विद्यार्थियों को मेहनत करवाते थे। इनकी बदौलत आज गोगेलाव, सिंगड़, बालवा, बिंदास गांव के खिलाड़ियों ने हर क्षेत्र में अपनी काबिलियत बताई है। पुलिस, आर्मी, शारीरिक शिक्षक, डॉक्टर, अध्यापक हर क्षेत्र में खिलाड़ियों का चयन हुआ है। देवड़ा ने कहा कि इसके लिए मेहनत खुद की जरूरी होती है

## ग्रीन माइंडेड फाउंडेशन ने बीएसएफ में लगाए 100 पौधे



जोधपुर। ग्रीन माइंडेड फाउंडेशन की ओर से शुक्रवार को बीएसएफ में 100 पौधे लगाने के साथ वहां नर्सरी लगाने को लेकर अधिकारियों से चर्चा की।

फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र गहलोत ने बताया की बीएसएफ के आईजी संजय यादव के निमंत्रण पर फाउंडेशन की टीम के कार्यकर्ताओं ने बीएसएफ के जवानों एवं अधिकारियों के साथ मिलकर विभिन्न जगहों पर 100 पौधे लगाए।

इस मौके बीएसएफ में फाउंडेशन की ओर से नर्सरी लगाने को लेकर चर्चा की। पौधरोपण में देवेंद्रसिंह कमांडेंट, रामूराम सारण व एसएम सहित अधिकारी व जवान मौजूद रहे। फाउंडेशन की ओर से लक्ष्मण चौहान, जुगल गहलोत, लक्ष्मीनारायण सेन, घनश्याम अग्रवाल, राजेंद्र सिंह गहलोत, तुलसाराम परिहार, प्रवीण कुमार, जुगल जोशी सहित टीम सदस्यों ने भी भागीदारी निभाई।

## भोपालगढ़ में माली समाज के दूसरे सामूहिक विवाह में 71 जोड़ों ने थामा एक दूजे का हाथ





भोपालगढ़ । शहर के जोधपुर भादवा की ढाणी के पास माली समाज भोपालगढ़ के तत्वाधान में दूसरा सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न हुआ। 71 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। संगठन मंत्री व युवा समाज सेवी रामस्वरूप देवड़ा व सचिव महेंद्र सोलंकी ने बताया कि खेड़ापा महंत पुरषोत्तम दास महाराज, महामंडलेश्वर कुशाल गिरी महाराज, राममहाराज व भूरदास महाराज के सानिध्य में सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न हुआ। हेम सिंह सोलंकी व श्याम सोलंकी ने बताया कि विवाह स्थल पर पूछताछ कार्यालय, पुलिस व्यवस्था के लिए थानाधिकारी देवकिशन मय जाप्ता मौजूद रहे। सम्मेलन में सोमवार को घी पिलाई की रस्म व सोमवार शाम को बंदोली कार्यक्रम हुआ। जिसमे प्रसिद्ध गुगरा गेर द्वारा नृत्य किया गया। सम्मेलन अध्यक्ष कालूराम भाटी, उपाध्यक्ष जयराम देवड़ा, सचिव महेंद्र सिंह सोलंकी, कोषाध्यक्ष संग्राम सिंह देवड़ा व संगठन मंत्री रामस्वरूप देवड़ा ने बताया कि माली समाज के दूसरे सामूहिक विवाह सम्मेलन में लोगों ने सभी जोड़ों को आशीर्वाद दिया। सम्मेलन में सभी 71 बेटियों को उपहार स्वरूप दैनिक दिनचर्या के उपयोग में आने वाली वस्तुएं भी प्रदान की गई। निर्मल गहलोत ने कहा कि बेटी के जन्म से शादी के लिए पैसे बचाकर अच्छी शादी करने के फिजूल खर्ची नहीं करके वही पैसे बेटी की शिक्षा पर खर्च करे व शिक्षित करें। राज्य सभा सांसद राजेंद्र गहलोत, पूर्व सांसद बद्री राम जाखड़, सुनील परिहार, राज्य बाल संरक्षण आयोग अध्यक्ष संगीता बेनीवाल, पूर्व जिला प्रमुख मुन्नी देवी गोदारा, प्रधान शांति राजेश जाखड़, एसडीएम नानगा राम चौधरी, तहसीलदार रामेश्वर छाबा, विकास अधिकारी हुकमा राम माली, शिवकरण सैनी, जयप्रकाश देवड़ा, अल्पूराम टाक, नवयुग मंडल अध्यक्ष कालूराम भाटी कोषाध्यक्ष संग्राम देवड़ा सचिव महेंद्र सोलंकी, उपाध्यक्ष जयराम देवड़ा, संगठन मंत्री रामस्वरूप देवड़ा माली सब्जी मंडी अध्यक्ष भाकर राम देवड़ा, उपाध्यक्ष हेमसिंह सोलंकी, कोषाध्यक्ष पेमाराम भाटी, महेंद्र प्रताप देवड़ा, किशोर सोलंकी, मुकेश भगत देवड़ा, रेशम सोलंकी, राजाराम सोलंकी, गौतम सोलंकी, रतन देवड़ा श्रवण सोलंकी, हीरालाल सोलंकी नारायण राम भाटी, ओमप्रकाश देवड़ा, सुमेर देवड़ा, सहित कई मौजूद थे। सामूहिक विवाह सम्मेलन के अध्यक्ष कालूराम भाटी, उपाध्यक्ष जयराम देवड़ा, सचिव महेंद्र सिंह सोलंकी, कोषाध्यक्ष संग्राम सिंह देवड़ा एवम संगठन मंत्री रामस्वरूप देवड़ा सहित सभी पदाधिकारियों एवम कार्यकारिणी के सदस्यों ने सफल आयोजन सभी का आभार जताया।

# सैनिक क्षत्रिय माली समाज के युवाओं ने की पहल दहेज से बचे, फिजूलखर्ची को रोका, 14 युगल ने सादगी से लिए फेरे



जोधपुर। सैनिक क्षत्रिय माली समाज सामूहिक विवाह समिति की ओर से दूसरा सामूहिक विवाह समारोह सूरसागर स्थित श्रीराम वाटिका में आयोजित किया गया। इस दौरान समाज के 14 जोड़ों ने फिजूलखर्ची और समय की बर्बादी रोकने और दहेज को ना कहते हुए सादगी से विवाह किया। समारोह घरेलू उपयोग में आने वाली चीजें उपहार स्वरूप देते हुए बेटियों को विदाई दी गई। सूरसागर स्थित श्रीराम वाटिका से विवाह स्थल शांति वाटिका तक 14 दूल्हों की बारातें गाजे-बाजे पर एक साथ निकाली गई।

**भामाशाहों का सम्मान किया, जोड़ों को विवाह प्रमाण-पत्र दिए** किशनसिंह सोलंकी ने बताया कि भामाशाहों द्वारा अलमारी, पलंग, सिलाई मशीन, पंखा, सामान इत्यादि रखने के लिए लोहे का बक्सा सहित घरेलू सामान उपहार में दिया गया। महाप्रसादी भी हुई। समाज का सहयोग करने वाले समाज बंधुओं और भामाशाहों का भी सम्मान करते हुए सभी जोड़ों को विवाह प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। समारोह में जयसिंह सोलंकी, किशनलाल गहलोत, रणवीरसिंह तंवर, नेमीचंद गहलोत, ज्योति सोलंकी सहित महिलाएं और अन्य लोग मौजूद थे।

आयोजन : बसंत पंचमी पर महात्मा ज्योतिबा फूले सैनी माली समाज संस्थान के तत्वावधान में सामूहिक विवाह सम्मेलन हुआ

# माली समाज:सामूहिक विवाह सम्मेलन में 35 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में



मेड़तासिटी। शहर के लिखमीदास नगर में स्थित माली सैनी समाज भवन में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर महात्मा ज्योतिबा फूले सैनी माली समाज संस्थान के तत्वावधान में सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन धूमधाम व उत्साह के साथ हुआ। इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में 35 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया जिसमें मेड़ता विधायक, उपखंड अधिकारी, नगरपालिका अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में विशिष्ट शामिल हुए। एमजी गार्डन में सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया।

जिसमें मेड़ता विधायक लक्ष्मणराम कलरु, मेड़ता नगरपालिकाध्यक्ष गौतम टाक, उपखंड अधिकारी अर्चना चौधरी, नगरपालिका में प्रतिपक्ष नेता पवन परताणी, पार्षद मछराज सिखवाल, महेंद्र भाकर, महेंद्र सिंह चौहान, ओमप्रकाश गहलोत, विजयराज सांखला, राजेंद्र सांखला, अमजद केके जाखिर सांखला, माली समाज के अध्यक्ष जबरचंद भाटी, ज्योतिबा फूले संस्थान के अध्यक्ष भंवरलाल जादम, शहर के लिखमीदास नगर में स्थित माली सैनी समाज भवन में बसंत पंचमी के अवसर पर महात्मा ज्योतिबा फूले सैनी माली समाज संस्थान के तत्वावधान में सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन बुधवार को सुबह 6 बजे उस समय शुरु हुआ जब विभिन्न स्थानों से आई बारात के 35 दुल्हें सजधज के घोड़ी पर सवार हुए।

बैंड-बाजों के साथ दुल्हों की बंदोली सामूहिक रूप से निकाली गई। यह बंदौली विभिन्न स्थानों से गुजरते हुए लिखमीदास नगर पहुंची। इस दौरान नवयुवक मंडल के अध्यक्ष डॉ मतिन्द्र भाटी, पूर्व अध्यक्ष बादरराम सांखला, गोरधनराम टाक, रमजीराम गहलोत, रामस्वरुप गहलोत, धर्मेंद्र जादम, मुकेश सोलंकी, गंगाराम भाटी, गुलाबचंद गहलोत, रमेश चौहान, मुन्नालाल चौहान, मेड़तारोड माली समाज के अध्यक्ष रमेश भाटी, हरसौर माली समाज के अध्यक्ष हनुमानसिंह कच्छवाह, 6 गांव माली समाज अध्यक्ष भंवरलाल गहलोत, मनोहरलाल गहलोत, डेगाना माली समाज अध्यक्ष ताराचंद गहलोत, जसनगर सरपंच अशोक सांखला, पूर्व सरपंच रामस्वरुप दगदी, मोकाला सरपंच धर्माराम सांखला, नेमाराम बेड़ा, मूलचंद टाक, सरपंच तेजाराम कोसाणा, पूर्व उपखंड अधिकारी विश्नाराम देवड़ा, संग्रामसिंह गहलोत, गंगाराम भाटी, रामेश्वर छाबा, चौथमल कुवाड़, रिटायर्ड आरई मोहनलाल पटवारी, भीरमाराम पालडिया, बाबूलाल पालडिया, किन्नर राजकुमारी बाई सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग व अन्य विशिष्ट लोग शामिल हुए।

इस मौके पर मेड़ता विधायक लक्ष्मणराम कलरु ने कहा कि मंहगाई के इस दौर में राहत पाने का सामूहिक विवाह ही एकमात्र तरीका है। शाम करीब 4 बजे दुल्हन को विदाई देने की रस्म भी अदा की गई।

# डॉ. गौरव सैनी बनें राजस्थान में गंगापुर सिटी के कलेक्टर



गंगापुर। हिसार निवासी एवं राजस्थान बैच के आईएएस अधिकारी डॉ. गौरव सैनी को राजस्थान सरकार ने नवगठित गंगापुर सिटी जिले का कलेक्टर नियुक्त किया है। डॉ. गौरव की कलेक्टर के पद पर यह पहली पोस्टिंग है। इससे पहले वे विभिन्न विभागों में अलग-अलग पदों पर कार्य कर चुके हैं। जिला कलेक्टर का पदभार संभालने के बाद डॉ. गौरव सैनी ने बताया कि सरकार की नीतियों अनुसार काम करना व जनता तक उन नीतियों को सही ढंग से पहुंचाना एक अधिकारी का कर्तव्य होना चाहिए। एक अधिकारी को अपने सेवाकाल के दौरान अलग-अलग कार्य व पोस्टें मिलती हैं, हमें वह कार्य कर्तव्यनिष्ठा व ईमानदारी से निभाने चाहिए। जिले को पारदर्शी प्रशासन देना व सेवाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिलावासियों व अधिकारी वर्ग के सहयोग से जिले को बेहतर प्रशासन देना ही उनकी प्राथमिकता है। ज्ञात रहे कि आईएएस डॉ. गौरव सैनी हिसार के सेवानिवृत जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ . दलबीर सिंह सैनी एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढ़ाणी खान बहादुर की प्राचार्या नेशनल अवार्डी डॉ. संगीता सैनी के पुत्र हैं। आईएएस में चयन होने के बाद उन्हें राजस्थान बैच मिला था। इसके बाद वे राजस्थान में एसडीएम रतनगढ़, एसडीएम माउंट आबू, सीईओ जिला परिषद अजमेर सहित विभिन्न विभागों में कार्यरत रहे। अब उन्हें नवगठित जिले गंगापुर सिटी का कलेक्टर नियुक्त किया गया है।


## हार्दिक बधाई



**समाज गौरव पीपाड़ शहर निवासी**
**भाजपा आईटी संयोजक**
**धनराज सोलंकी**
**को राज्य के मुख्यमंत्री**
**भजनलाल शर्मा**
**के मीडिया सलाकार ( ओएसडी ) नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।**


# सैनी समाज कर्मचारी और अधिकारी विकास संस्था जिला शाखा जयपुर द्वारा नवोन्मेश कार्यक्रम आयोजित

जयपुर। राजधानी के दीप स्मृति सभागार मानसरोवर में रविवार को सैनी समाज कर्मचारी और अधिकारी विकास संस्था जिला शाखा जयपुर द्वारा नवोन्मेष कार्यक्रम राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत की अध्यक्षता और राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री सामाजिक और न्याय अधिकारिता विभाग के मंत्री अविनाश गहलोत के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विधायक भागचंद टांकडा, विधायक भगवान राम सैनी, पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी, निर्मल पंवार, सुमित्रा सैनी, सुरेश सैनी, रेणु सैनी रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि अविनाश गहलोत और अन्य आगुंतक अतिथियों ने संत शिरोमणि श्री लिखमिदास जी महाराज, मां भारती, दलितों और पिछड़ी जातियों के उद्धारक महात्मा ज्योतिबा फुले और देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात आगुंतक अतिथियों का संस्था द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया। शनवा रही बुराइयों को खतम कर शिक्षा पर जोर देना 11 फरवरी 2024 रविवार बीप समा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा की समाज को विकसित करने के लिए सभी को एक साथ आवाज उठानी होगी। में आज जो कुछ भी हो उसका सम्पूर्ण श्रेय मेरे समाज को जाता है। समाज ने मुझे प्लेटफार्म दिया इस वजह से में आज इस मंच तक पहुंच पाया हुं। हम हमारे समाज के आदर्श महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्री बाई फुले के पद चिन्हों और सपनो को साकार कर सकें। समाज के हर वर्ग का कल्याण हो, अंत्योदय से सूर्योदय तक हर वर्ग का उत्थान हो, तभी विकसित भारत का सपना साकार होगा। विशिष्ट अतिथि विधायक उदयपुरवाटी




भगवान राम सैनी ने कहा की समाज की अधिकारी और कर्मचारी संस्था द्वारा सराहनीय कार्य किए जा रहे है, जो की काबिले तारीफ है। संस्था के प्रदेशाध्यक्ष ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और जिला शाखा अध्यक्ष पूनम सैनी ने समाज हित में विभिन्न मांगे मुख्य अतिथि के समक्ष रखी। मंत्री गहलोत ने जल्द ही सभी मांगों पर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान महिला नेत्री और राजस्थान पीसीसी सचिव रेणु सैनी ने महिलाओ को भी ऐसे आयोजन में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। सावित्री बाई फुले मंच अजमेर द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। इस दौरान द्रोणाचार्य अवार्ड से सम्मानित महावीर सैनी, नेशनल हँडबॉल प्लेयर रविन्द्र पाल, हिमांशु सैनी स्केटर, प्रधानाचार्या शारदा मालाकार, प्रधानाचार्य टीकम मालाकार सांभर लेक का शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार को लेकर विशेष सम्मान किया गया। अंत में कार्यक्रम अध्यक्ष राजेंद्र गहलोत ने आगुंतकों का आभार प्रकट करते हुए माली सैनी समाज को एकजुट रहने का आह्वान किया। इस मौके पर फुलेरा से शाखा अध्यक्ष प्रकाश माली, ऋतुराज दहिया, विस्तारिका प्रिया सैनी के नेतृत्व में सैंकड़ों की तादाद में लोग शामिल हुए। फुलेरा सैनी समाज अध्यक्ष धर्मेंद्र सैनी ने कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत, सांसद राजेंद्र गहलोत, विधायक भगवानराम सैनी, भागचंद टांकड़, पी सी सी सचिव रेणु सैनी से मुलाकात कर सामाजिक चर्चा की। इस मौके पर अध्यक्ष पूनम सैनी, महासचिव प्रकाश सैनी, उपाध्यक्ष टीकम सैनी, संरक्षक संजय सैनी, ऋतुराज सैनी, प्रिया सैनी, रामजी लाल सैनी, शेष नारायण सैनी, श्याम लाल सैनी सहित सैंकड़ों की तादाद में फुलेरा सांभर सहित राजस्थान प्रदेश से माली समाज के अधिकारी कर्मचारी और प्रबुद्धजन शामिल हुए।

# 11 अप्रेल को रिलीज होगी महात्मा ज्योतिबा फुले पर बनी फिल्म 'फुले', महात्मा फुले के जमाने और जीवन को जीवन्त बनाया और हूबहू दिखाया




मुम्बई। देश में सामाजिक बदलाव लाने और महिलाओं को शिक्षा प्रदान करने में अहम भूमिका निभाने वाले महात्मा फुले और सावित्रीबाई फुले दो ऐसी महान शख्सियतें रहीं हैं, जिनके योगदान को देश कभी नहीं भुला पाएगा। लोगों के जीवन में उल्लेखनीय परिवर्तन लाने की दिशा में काम करने वाली पति-पत्नी की इस जोड़ी पर जल्द ही एक बायोपिक बन कर तैयार हुई है। महात्मा फुले और सावित्री फुले ने साझा तौर पर छुआछूत और जातीय भेदभाव के खिलाफ लम्बे समय तक आंदोलन चलाया। उन्होंने 'सत्य शोधक समाज' की स्थापना करते हुए पिछड़ी जाति के लोगों के लिए समान अधिकारों के लिए पैरवी और संघर्ष किया था। दोनों का महिलाओं को स्कूली शिक्षा दिलाने के क्षेत्र में भी बहुत योगदान है। महात्मा फुले ने विधवाओं के पुनर्विवाह कराने और गर्भपात को नियंत्रित करने के लिए एक अनाथ आश्रम की भी स्थापना की थी। हिंदी फीचर फिल्म 'फुले' के लेखन और निर्देशन की कमान राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक अनंत महादेवन के हाथों में रही है। प्रतीक गांधी और पत्रलेखा जैसे उम्दा कलाकारों ने समाज सुधारक और सामाजिक कार्यकर्ता के तौर पर मशहूर महात्मा और सावित्री फुले की मुख्य भूमिकाएं निभाई हैं। साल 2024 में 11 अप्रेल को रिलीज होने जा रही है।

**फिल्म की शूटिंग के लिए सेट की जरूरत नहीं पड़ी:**

अभिनेता और फिल्मकार अनंत महादेवन की महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन पर बनी फिल्म आगामी 11 अप्रेल को सिनेमाघरों में प्रदर्शन के लिए तैयार है। उन्होंने साल 2022 में महान समाजसेवी ज्योतिराव फुले की बायोपिक फिल्म फुले की घोषणा की थी। फिल्म को बिना सेट के ही वास्तविकता दर्शाने वाल जगहों की तलाश करके फिल्माया गया हैं। ऐतिहासिक पीरियड फिल्मों के निर्माण में फिल्मकारों के लिए सबसे बड़ी चुनौती होती है कि उन्हें अपनी फिल्म में वही सब कुछ दिखाना होता है, जो उसी दौर के हिसाब से होता है। निर्माता अधिकतर इसके लिए वह सेट, कास्ट्यूम, मेकअप आदि का सहारा लेते हैं। लेकिन यह फिल्म बिना सेट के तैयार की गई है। पीरियड फिल्म होने के बावजूद भी अनंत महादेवन ने इस फिल्म की शूटिंग बिना किसी सेट के की है। वह बताते हैं कि 'फुले' मेरी अब तक की सबसे बड़ी फिल्म है। हमने महाराष्ट्र में कुछ ऐसे स्थान खोजे थे। इसलिए, हमें किसी कृत्रिम सेट की स्थापना करने की जरूरत नहीं पड़ी।

**अभिनेताओं का लुक बना वास्तविक:**

फिल्म में अभिनेता प्रतीक गांधी ज्योतिराव फुले तथा अभिनेत्री पत्रलेखा उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले की भूमिका में हैं। अनंत कहते हैं, 'प्रतीक और पत्रलेखा जैसे ही कास्ट्यूम में हमारे सामने आए तो वह ठीक उसी तरह लग रहे थे, जैसा हमने ज्योतिराव फुले और सावित्रीबाई फुले को तस्वीरों में देखा है।' प्रतीक गांधी को फुले के लुक में देख प्रशंसक भी हैरान रह गए और पत्रलेखा के सावित्री बाई का रूप धरने को भी बहुत प्रशंसा मिली। फिल्म 'फुले' के फस्ट लुक का अनावरण महात्मा फुले की 195वीं वर्षगांठ के मौके पर गत वर्ष 11 अप्रैल को किया गया। फस्ट लुक जारी होते ही लोगों की उत्सुकता बढ़ गयी थी, क्योंकि पोस्टर में प्रतीक और पत्रलेखा हूबहू महात्मा और सावित्री फुले की तरह ही दिख रहे थे।

**महात्मा फुले का व्यक्तित्व निभाना मेरे लिए गौरव की बात:**

ज्योतिबा फुले के किरदार को निभाने को लेकर प्रतीक गांधी कहते हैं, महात्मा फुले का किरदार निभाना और दुनिया के सामने उनके व्यक्तित्व को पेश करना मेरे लिए गौरव की बात है। इस किरदार को निभाना मेरे लिए किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं रहा, मगर एक प्रेरणादायी व्यक्तित्व होने के नाते महात्मा फुले के रोल को निभाने को लेकर वे बहुत उत्साहित रहे । प्रतीक कहते हैं, मुझे बेहद खुशी है कि इसके निर्माताओं ने महात्मा और सावित्री फुले द्वारा सामाजिक बदलाव के लिए समर्पित किये गये जीवन के बारे में आज की पीढ़ी को अवगत कराने का बीड़ा उठया है ।

**नारी-पुरुष समानता का विषय मेरे लिए खास:**

फिल्म में अपने किरदार से बेहद खुश अभिनेत्री पत्रलेखा ने कहा, मेरी परवरिश मेघालय के शिलॉन्ग में हुई है। यह एक ऐसा राज्य है जहां पर महिलाओं के हकों और फैसलों को पुरुषों से अधिक अहमियत दी जाती है। ऐसे में नारी-पुरुष समानता का विषय मेरे दिल में एक बेहद अहम स्थान रखता है। सावित्री फुले ने अपने पति ज्योतिबा फुले के साथ मिलकर 1848 में पूरी तरह से घरेलू सहयोग से लड़कियों के लिए एक स्कूल का निर्माण किया था। महात्मा फुले ने विधवाओं के पुनर्विवाह कराने और गर्भपात को नियंत्रित करने के लिए एक अनाथ आश्रम की भी स्थापना की थी। ये फिल्म मेरे लिए एक बहुत खास फिल्म रही है।

## महिला शिक्षा व सशक्तिकरण की अग्रदूत

# सावित्रीबाई फुले महिला शिक्षा व सशक्तिकरण

महिला शिक्षा व सशक्तिकरण की अग्रदूत रूसावित्रीबाई फुले महिला शिक्षा व सशक्तिकरण की अग्रदूत सावित्रीबाई फुले भारत की प्रथम महिला शिक्षक के साथ भारत की अग्रणी महिला कवयित्री व लेखिका थी। सावित्रीबाई फुले का जन्म 3जनवरी 1831को महाराष्ट्र के सतारा जिले के नायगांव में माली परिवार में हुआ। इनके पिता का नाम खंडोजी नेवसे पाटिल व माता का नाम लक्ष्मीबाई था।मात्र 9वर्ष की आयु में इनका विवाह ज्योति राव फुले से हो गया। ज्योति राव फुले ने इन्हें आम के पेड़ों के नीचे आम की पतली टहनी से खेत की जमीन पर अक्षर ज्ञान कराया तत्पश्चात मिसेज मिशेल द्वारा बालिकाओं के लिए खोले गए नार्मल स्कूल में पढ़ने भेजा। यही सावित्रीबाई ने थामस क्लार्कसन की जीवनी पढ़ीऔर इस निष्कर्ष पर पहुंची कि शिक्षा ही बदलाव का मजबूत औजार है।अब उनमें और पढने और समाज की बालिकाओं को पढ़ाने की ललक जागी। अपने पति ज्योतिराव ने 1जनवरी 1948को पुणे के भिडेवाडा में लड़कियों के लिए स्कूल खोला। सावित्री बाई फुले इस विद्यालय में शिक्षण के साथ विद्यालय के संचालन हेतु अन्य कार्य करती। सावित्री बाई के परिश्रम की पराकाष्ठा ने विद्यालय को उत्कृष्टता का केंद्र बना दिया। विद्यालय में पढ़ने वाली मुक्ता बाई द्वारा लिखा गया पत्र इसकी शैक्षणिक गुणवत्ता को बयां करने लगा। विद्यालय की इस उपलब्धि से कुछ लोगों की छाती पर सांप लौटने लगा। उन्होंने सावित्रीबाई फुले का विरोध शुरु किया। उन्होंने विद्यालय जाते समय सावित्रीबाई पर फब्तियां कसना, पत्थर, कीचड़ और गंदगी फेंकना शुरू किया। सावित्री बाई डरी नहीं । वह अपने साथ एक साड़ी थैली में लेकर जाने लगी और स्कूल पहुंच कर गंदी कर दी गई साड़ी बदल कर शिक्षण कार्य कराने लगी। उन्होंने सावित्रीबाई के ससुर के कान भरना शुरु किया जिसके चलते ज्योति राव फुले व सावित्री बाई फुले को घर छोड़ना पड़ा लेकिन स्त्री शिक्षा का काम बंद नहीं किया। एक के बाद एक ऐसे 18विद्यालय फुले दंपति ने खोले। 16नवंबर 1852को ब्रिटिश सरकार ने फुले दंपति का शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए सम्मान किया। फुले दंपति समाज शिल्पी थे। वे शिक्षा के माध्यम से समाज में परिवर्तन लाना चाहते थे। 1852 में उन्होंने महिला सेवा मंडल की स्थापना कर महिलाओं में उनके मानवाधिकारों,जीवन गरिमा, अन्य सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूकता लाने तथा आर्थिक दृष्टि से स्वावलंबी बनाने हेतु कौशल विकास पर चर्चा करने व प्रशिक्षण देने का काम किया। 28 जनवरी 1853 को पहला शिशु हत्या निषेध गृह खोला। गर्भवती महिलाओं को सुरक्षा प्रदान की। विधवा काशी बाई के पुत्र यशवंत को गोद लेकर समाज के सामने अनुकरणीय आदर्श रखा। गोद लिए यशवंत को पढ़ा-लिखा कर डॉक्टर बनाया। कामकाजी महिलाओं के लिए रात्रि पाठशाला व गरीब छात्रों के लिए छात्रावास खोले। साक्षरता मिशन की शुरुआत की। अपने घर का कुआं अछूतों के पीने के पानी के लिए खोला। विधवाओं के सिर मुंडवाने की प्रथा का विरोध करते हुए मुंबई व पुणे में हड़ताल करवाई। ज्योतिराव फुले द्वारा सत्यशोधक समाज की स्थापना करने पर इसके महिला विंग का काम संभाला। ज्योति राव की मृत्यु पर सत्यशोधक समाज की अध्यक्ष बनी तथा इसके कार्य को सर्वव्यापी सर्वस्पर्शी बनाने में जुट गई।1876-78में पड़े अकाल के समय अन्न सत्र संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए अकाल पीड़ितों को राहत प्रदान की। 1897 में प्लेग महामारी फैलने पर अपने स्वास्थ्य की चिंता न करते हुए सेवा सुश्रुषा में जुटी रही। प्लेग रोग से संक्रमित हो 10 मार्च 1897 को आखिरी सांस ली। शिक्षा की ज्योत जगाने वाली, स्त्रियों, वंचितों को सबसे पहले शिक्षा का अधिकार दिलाने वाली, पाखंड और अंधविश्वास का नामोनिशान मिटाने वाली, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व का संदेश देने वाली सावित्रीबाई फुले का जीवन स्वयं एक युग बोध है। वह शिक्षा को सूरज की रोशनी की तरह मानती थी। वह आधुनिक मराठी काव्य की अग्रदूत थी। फुले ने अपनी रचनाओं में एक ऐसे समाज और जीवन का सपना देखा जिसमें स्त्री पुरुष समानता हो, किसी तरह का कोई अन्याय न हो। हर इंसान मानवीय गरिमा के साथ जीवन व्यतीत कर सके। उन्होंने अपनी रचनाओं में परंपरागत बेड़ियों को तोड़ने व शिक्षित बनने का आह्वान किया। ढोंग पाखंड को उजागर किया। उन्होंने शिक्षा को स्त्री का सबसे बड़ा गहना बताया और आह्वान किया - स्वाभिमान से जीने हेतु बेटियों पढ़ो लिखों खूब पढ़ो पाठशाला रोज जाकरनित अपना ज्ञान बढ़ाओहर इंसान का सच्चा आभूषण शिक्षा हैहर स्त्री को शिक्षा का गहना पहनना हैपाठशाला जाओ और ज्ञान लो।आज सावित्रीबाई फुले हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनके विचार व कार्य सदैव हमें प्रेरित करते रहेंगे। सावित्री बाई फुले को हमारा शत शत नमन।-**विजय सिंह माली, प्रधानाचार्य** श्रीधनराज बदामिया राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सादड़ी जिला पाली ।

# सामूहिक विवाह सम्मेलन 12 को, 71 जोड़ों का होगा विवाह

नागौर। सैनिक क्षत्रिय माली सामूहिक विवाह समिति (तीनों गांव) नागौर की ओर से आगामी 12 मार्च आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर जोड़ों का पंजीयन 23 फरवरी तक किया गया। इस संबंध में बुधवार को अध्यक्ष कृपाराम देवड़ा की अध्यक्षता में माली समाज की बैठक में निर्णय लिया गया। अध्यक्ष देवड़ा ने बताया कि समाज कई गणमान्य लोगों एवं पदाधिकारियों ने पंजीयन एक बार फिर से शुरु करने का निर्णय लिया गया, जिससे जरूरतमंद जोड़े समारोह में भाग ले सकेंगे। उपाध्यक्ष देवकिशन सोलंकी ने बताया कि सम्मेलन की तैयारियां तेजी से चल रही है। अब तक 61 जोड़ों का पंजीयन किया जा चुका हैं। सामूहिक विवाह समिति के संरक्षक राजेंद्र पंवार ने बताया कि विवाह सम्मेलन के निमंत्रण पत्र हैदराबाद में बांटने के लिए 6 सदस्यों की टीम गठित की है। विवाह स्थल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चेनार के पास मैदान की सफाई शुरू करवाई जा चुकी है। व्यवस्थापक रूप सिंह देवड़ा ने बताया कि सामूहिक विवाह समिति के माध्यम से वधूओं को अनुदान राशि दिलाने की भी पूरी तैयारी कर ली है । इस अवसर पर कैलाश गहलोत, पाबूराम सांखला, अर्जुनराम कच्छवाह, मनीष कच्छवाह, रामचंद्र सांखला, दीपक गहलोत, कृपाराम टाक, हुकमसिंह सोलंकी, अशोक भाटी, तोलाराम टाक, नेमीचंद पंवार, बलदेव पंवार, मुकेश पंवार, धर्मेंद्र सोलंकी, पन्नालाल कच्छवाह, चौनाराम परिहार उपस्थित रहे।



# झारखंड कुशवाहा महासभा का चतरा जिला युवा सम्मेलन संपन्न







झारखंड। 18 फरवरी 2024 को मयूरहंड यचतराद्ध प्रखंड के ढोढ़ी. मंधनियां स्थित दुर्गा मंदिर के खेल मैदान में रविवार को झारखंड कुशवाहा दांगी मेहता महासभा का एक दिवसीय युवा जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुरुआत दीप प्रज्वलित कर एवं भगवान बुद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया साथ ही साथ कार्यक्रम का प्रारंभ राष्ट्रगान से किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि समाज के प्रदेश अध्यक्ष हाकिम प्रसाद महतो ने संबोधित करते हुए कहा कि युवा राष्ट्र निर्माता है और उन्हें अपने दायित्वों को आगे बढ़कर लेना चाहिए उन्होंने आगे कहा कि जो राजनीतिक दल समाज के राजनीतिक भागीदारी की अनदेखी करेगा उस दल को समाज आईना दिखाने का काम करेगा। महासभा के संगठन सचिव बटेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि सामाजिक एकताए संगठन की मजबूती, राजनीतिक चेतना व शिक्षा के महत्व के साथ साथ महिला सशक्तिकरण के उत्थान पर बल देने के लिए लोगों को प्रेरित करने की जरूरत है। सभा को संबोधित करते हुए महासचिव सत्यदेव प्रसाद वर्मा ने कहा समाज का विकास शिक्षा व राजनीतिक चेतना से संभव है। उन्होंने शिक्षा पर विशेष बल देने के साथ-साथ राजनीतिक चेतना जागने का आह्वान किया। जिसके लिए महिलाओं व युवाओं को आगे आने की अपील किया। प्रशिक्षण प्रमुख संजय शान ने कहा कि समाज शिक्षित व संगठित होकर कुशवाहा दांगी समाज के लोग एक आदर्श समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभायें। जिला संरक्षक देवचरण दांगी ने कहा कि समाज मे फैले कुरीतियों को दूर करेंए तभी घर- परिवार, समाज व देश विकास करेगा। सम्मेलन की अध्यक्षता चतरा जिला अध्यक्ष केदार प्रसाद दांग ने किया। जिला महासचिव हीरेन्द्र कुमारए जिला उपाध्यक्ष अशोक वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष देवनारायण दांगीए रामगढ़ जिला अध्यक्ष चतुर्भुज कश्यप हजारीबाग के प्रबुद्ध पंच के अध्यक्ष जयनारायण मेहता सहित कई लोगों ने संबोधित किया। सम्मेलन का संचालन शिक्षक अनिल भारती ने किया।



इस मौके पर पत्थलगड्डा जिप सदस्य रामसेवक दांगी, अधिवक्ता निर्मल दांगी, सर्जन दांगी, बाबूलाल दांगी, पूर्व मुखिया राजकुमार मेहता, ईश्वरी मेहता, सत्येंद्र प्रसाद वर्मा, मीडिया प्रभारी लक्ष्मण दांगी, मुखिया निर्मला देवी, निर्मल दांगी, कृष्णा दांगी, पूर्व जिप सदस्य रामलखन दांगी, बीरेंद्र कुमार वर्मा, संजू दांगी सहित कई लोग उपस्थित थे।

**सिकन्दर मेहता बने युवा जिला अध्यक्ष व चिंता बनी महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष** जिला सम्मेलन के माध्यम से सर्वसम्मति द्वारा सिकंदर मेहता को युवा जिला अध्यक्ष व चतरा के टिकर गांव निवासी चिंता देवी को महिला मोर्चा का जिला अध्यक्ष बनाया गया। मौके पर युवा जिला अध्यक्ष सिकन्दर मेहता ने कहा कि समाज ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करुगा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले समाज के प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# जयपुर माली सैनी समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन 23 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

जयपुर । जयपुर जिला माली सैनी समाज संस्था की ओर से महात्मा ज्योतिबा फुले बहुउद्देशीय भवन होम्योपैथिक कॉलेज के सामने सायपुरा सांगानेर पर 30वें सामूहिक विवाह सम्मेलन में 23 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। सभी जोड़ों को संस्था की ओर से नकद राशि के साथ घर गृहस्थी का संपूर्ण सामान फर्नीचर इत्यादि भेंट किया गया। जयपुर जिला माली सैनी समाज संस्था के अध्यक्ष रोशन सैनी ने बताया कि जयपुर जिला माली सैनी 30 वां सामूहिक विवाह सम्मेलन, समाज संस्था की ओर से आयोजित 30 वें सामूहिक विवाह सम्पन्न हुआ। जिसमें 23 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे रोशन सैनी ने बताया कि इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में मुख्य अतिथि बजरंग दास महाराज तमाडिया धाम, हवामहल विधायक महाराज बालमुकुंद आचार्य, जयपुर सांसद रामचरण बोहरा, सरदार अजय पाल सिंह, उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी एवं समाज के गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम में उपस्थित रहकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया । इस आयोजन के लिए संस्था पदाधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज के लोगों को संबल मिलता है । अध्यक्ष रोशन सैनी ने बताया कि सम्मेलन से पूर्व जयपुर शहर में अलग अलग स्थानों पर युवक - युवती परिचय सम्मेलनों का आयोजन किया गया था। जिसके पश्चात तय हुए 23 जोड़े सामूहिक विवाह सम्मेलन में विवाह बंधन में बंधे। कार्यक्रम संयोजक देवकी नंदन सैनी ने बताया कि संस्था के मुख्य संरक्षक कृष्ण सैनी, ओम राजोरिया, संस्था सलाहकार ग्यारसी लाल सैनी, कोषाध्यक्ष शांति कुमार सैनी सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे ।



# पावटा सब्जी मंडी से विवाह स्थल तक निकाली निकासी
# सामूहिक विवाह सम्मेलन में सैनी समाज के 15 जोड़े विवाह बंधन में बंधे

पावटा। महात्मा फुले ब्रिगेड संस्था एवं ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज की ओर से सैनी समाज का 10वां आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन पावटा में आयोजित हुआ। इसमें 15 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ।


सामुहिक विवाह में दूल्हा दुल्हन को आशीर्वाद देते अतिथि।


पावटा में सामूहिक विवाह सम्मेलन के दौरान मौजुद लोग।

कार्यक्रम के दौरान 15 दूल्हे पावटा सब्जी मंडी से घोड़ी पर सवार होकर नगर में घूमते हुए विवाह स्थल पहुंचे। कार्यक्रम का शुभारंभ संत मोहनदास लीलकाधाम, मंगलदास टोरड़ा गुजरान, जानकीदास कोटपूतली ने किया। मुख्य अतिथि ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज मुख्य संरक्षक इंद्रराज सिंह सैनी व मुख्य वक्ता विधायक कुलदीप धनकड़ रहे। समारोह के उद्‌घाटनकर्ता हीरालाल सैनी जिला प्रमुख दौसा रहे। कार्यक्रम में ओपी सैनी आ एएस, महात्मा फुले ब्रिगेड संरक्षक गुड्डु सैनी, गीतांजलि शर्मा समाजसेविका दिल्ली राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग सिंह, प्रवक्ता राजकुमार सैनी समिति संरक्षक हनुमान सैनी ने विचार प्रकट किए। इस दौरान सूरजमल सैन कैलाशराज सैनी, तहसील ब्राह्म महासभा अध्यक्ष राजेश शर्मा उद्योगपति नरेंद्र दत्त सैनी गुरुग्राम मोहन पटेल रतलाम, भानुप्रताप सैनी इंदौर, किशोरी लाल सैनी चाकसू पूर्व विधायक फूलचंद लभडा, वाइस चेयरमैन अशोक कुमार सैनी, चौम सैनी समाज अध्यक्ष घीसालाल सैनी कोटपूतली सैनी सभा अध्यक्ष राकेश सैनी, सुल्तान सैनी अध्यक्ष नारायणपुर सहित क लोग मौजूद रहे।

**सर्वसम्मति से बना राजनीतिक लवग: गुरदयाल सैनी को बनाया संरक्षक, अगली बैठक 25 को जींद में**

# सैनी समाज की प्रदेशस्तरीय बैठक - राष्ट्रीय पार्टियों से दो लोकसभा व 10 विधानसभा सीट की मांग रखी



कुरुक्षेत्र। सैनी समाज सभा में मंगलवार को सैनी समाज के प्रदेशभर के संगठनों की प्रदेशस्तरीय बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता सभा के प्रधान गुरनाम सिंह सैनी ने की। मंच संचालन सभा महासचिव अवतार सिंह सैनी ने किया। करीब 5 घंटे चली बैठक में आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय पार्टियों से आबादी के लिहाजा से कुरुक्षेत्र और गुरुग्राम लोकसभा सीट और विधान सभा में कम से कम 10 टिकट की मांग की गई। सैनी समाज सभा व समाज के अन्य संगठनों से आए पदाधिकारियों ने एक सुर में मंच से कहा कि समाज के संगठित होने से ही राजनीतिक हक पाए जा सकते हैं। बैठक में प्रदेश में राष्ट्रीय पार्टियों से कुरुक्षेत्र और गुरुगाम दो लोकसभा सीट और कम से कम दस विधानसभा सीट देने की मांग समाज के प्रतिनिधियों ने की। भाजपा से मौजूदा सांसद नायब सिंह सैनी या सैनी समाज के ही किसी सदस्य को कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से टिकट देने की मांग की। सभा ने सर्वसम्मति से राजनीतिक विंग गठित की-पूर्व सांसद को बनाया संरक्षक समाज के राजनीतिक भागीदारी के मुद्दों पर अहम फैसले लेने के लिए सैनी समाज सभा की राजनीतिक विंग गठित की गई । पूर्व सांसद गुरदयाल सिंह सैनी को उसका संरक्षक बनाया गया है। सभा ने अगली मीटिंग 25 फरवरी को जींद की सैनी धर्मशाला में रखी है। सैनी समाज सभा के प्रधान गुरनाम सिंह सैनी ने कहा राजनीतिक हकों के बिना समाज की तरक्की संभव नहीं है। समाज अपने राजनीतिक हकों के लिए जाग चुका है। जो भी राष्ट्रीय पार्टिया समाज को उचित प्रतिनिधित्व देगी, समाज पूरी निष्ठा से पूरे प्रदेश में उसकी मजबूती के लिए काम करेगा। वहीं अनदेखी करने वाली पार्टियों को लोकसभा, विधानसभा के साथ शहरी निकाय चुनाव में खामियाजा भुगतना पड़ेगा। इस दौरान ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग सैनी, गुलाब सिंह, रोहतक प्रधान देवेंद्र सैनी, जींद प्रधान जिले सिंह, भीम सिंह सैनी, इंद्री प्रधान अंग्रेज सैनी, मेवात से अंशुल सैनी, पंचकूला प्रधान वीरेंद्र मोहन, यमुनानगर से सचिव त्रिलोचन सैनी, पानीपत से सुभाष सैनी, रादौर प्रधान धरपत सैनी, नारनौल प्रधान जयसिंह सैनी, कैथल प्रधान धर्मबीर सैनी, चंडीगढ़ प्रधान वेदपाल सैनी, नवनीत सैनी, संदीप सजूमा सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। इस मौके पर सभा के वरिष्ठ उप प्रधान सत्यवान, उप प्रधान जोलगद्र सिंह बारवा, सह सचिवश्याम लाल सैनी, सैनी पब्लिक स्कूल के प्रधान जयभगवान, सचिव योगेंद्रनाथ, कोषाध्यक्ष जीतराम, निवर्तमान पार्षद हरदीप संजू, समाजसेवी दिलावर सैनी, मार्केट कमेटी थानेसर के पूर्व चेयरमैन सुरेश सैनी कुक्कू, सुरेशपाल सैनी, बृजलाल सैनी, करनैल सिंह, जयसिंह, कुशल पाल, राम सरुप रतगल, छत्रपाल सैनी और नरेंद्र सैनी सहित समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहे ।

## मोदीनगर,जनपद गाजियाबाद में सैनी समाज मोदीनगर द्वारा आयोजित सैनी सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान

सैनी सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी, धर्मवीर सैनी, जतिन बॉक्सर, प्रदीप सैनी, सचिन सैनी, एडवोकेट विपिन सैनी, दिनेश कुशवाहा, किशन मौर्य, मुकेश सैनी, बुद्ध प्रकाश सैनी एवं वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।









# समाज के डॉक्टर बने युवाओं का किया गया स्वागत



सोजत। सोजत में माली समाज पावटी बास की हताई पर रविवार को समाज को युवाओं द्वारा डॉक्टर बन कर चिकित्सा का पदभार ग्रहण करने पर उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान माली समाज के युवा प्रतिभावान डॉक्टर अर्जुन गहलोत, दीपक देवड़ा, संजय सोलंकी व नीतू गहलोत ने एम.बी.बी.एस की डिग्री पूर्ण कर अनंता मेडिकल कॉलेज उदयपुर में सेवा (इंटरशिप) हेतु नियुक्ति होने पर मौहल्ले के चौधरी और पंचो द्वारा उनका सम्मान किया गया।

मोहल्ले के चौधरी ताराचंद सैनी ने एम.बी.बी.एस में नियुक्त सभी भाई बहनों को शिक्षा का महत्व बताते हुए कहा कि शिक्षा सबसे अमूल्य धन है, जिसे कोई छीन नहीं सकता। शिक्षा का कभी बंटवारा नहीं होता है। शिक्षित व्यक्ति किसी भी क्षेत्र में पिछड़ता नहीं है। वहीं अतिथियों ने कहा कि समाज के जो युवा डाक्टर बनने जा रहे हैं, उनसे अपेक्षा रहेगी कि डाक्टर एक भगवान का रुप होता है। आप सभी को मानवता के नाते निस्वार्थ भाव से मरीजों की सेवा कर समाज एवं परिवार का नाम रोशन करें।

इस अवसर पर पंच मंगलाराम गहलोत, लक्ष्मणराम सांखला, धनराज गहलोत, राजेन्द्र सोलंकी, गिरधारी लाल गहलोत, सोहनलाल सांखला ,अशोक देवड़ा, लालाराम पालरिया, रामचंद्र देवड़ा, नत्थुराम पालरिया, कालुराम सोलंकी एवं गणमान्य किशोर देवड़ा, जगदीश सोलंकी, कालुराम देवड़ा, प्रेमचंद सोलंकी, रामचंद्र पालरिया, कन्हैयालाल गहलोत, नेमीचंद गहलोत, ओमप्रकाश सोलंकी, श्याम गहलोत, सोहन देवड़ा, खरताराम गहलोत द्वारा मुंह मीठा कर साफा, माला, दुप्पटा आदि पहना कर स्वागत अभिनन्दन किया गया।

## माली समाजः देरी नहीं हो... बारात में नाचने पर रही रोक, तय समय पर एकसाथ 11 दूल्हों ने मारे तोरण

अजमेर। माली सैनी समाज की ओर से आयोजित 11 जोड़ों ने एक साथ तय समय तोरण मारे। बारात के नाचने और नोटों की उवारनी पर पहले से ही पाबंदी थी, ताकि देरी नहीं हो। सुबह नारीशाला रोड से रवाना हुई सामूहिक बारात को पूर्व मेयर धर्मेंद्र गहलोत ने हरी झंडी दिखाई। मार्ग में दो जगह पर 5100 किलो फूलों से बारात का स्वागत किया गया। बारात विभिन्न मार्गो से होते हुए गढ़ी मालियान स्थित धर्म तलाई पहुंची, यहां दोपहर सवा 12 बजे 11 दूल्हों ने एकसाथ तोरण मारे। करीब डेढ़ हजार से ज्यादा लोगों की साक्षी में संपन्न हुए इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में वरमाला के बाद फेरे की रस्म वैदिक रीति रिवाज से पूरी की गई। बेटियों को विदाई देने के लिए विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी पहुंचे। देवनानी ने सभी जोड़ों को नेग के रूप में लिफाफे दिए । देवनानी ने वैवाहिक परिचय पुस्तिका सैनी संगम का विमोचन भी किया। विदाई के समय समिति पदाधिकारियों ने वर पक्ष को उपहार की सामग्री भेंट कर लिस्ट सौंपी। समाज के कई लोगों ने नए जोड़ों को उपहार भी भेंट किए। कार्यक्रम में हनुमान प्रसाद कच्छवाह, पूनमचंद मारोठिया, महेश चौहान, विजय कुमार सैनी, कन्हैयालाल दग्दी, शारदा मालाकार, सीमा चौहान सहित समाज के कई लोग मौजूद थे। अध्यक्ष घीसू गढ़वाल एवं प्रवक्ता प्रदीप कच्छवाह ने बताया कि सम्मेलन में 18 समितियों के पदाधिकारियों और सदस्यों ने व्यवस्था संभाली।



## महाराष्ट्र एमएसएमई डिफेंस एक्सपो, 2024: एयरफोर्स बना रही दो एआई सॉफ्टवेयर व लो कॉस्ट ड्रोन

# जोधपुर में समाज के युवा उद्यमी : नारायण पंवार, महेश पंवार, चन्द्रप्रकाश पंवार की कंपनी ने बनाई सबसे हल्की बुलेट प्रूफ जैकेट, एके- 47 की गोली भी रोक लेगी, कई देशों की सेनाएं खरीदने की इच्छुक



पुणे । स्वदेशी समर मिसाइल की सफलता के बाद अब भारतीय वायुसेना आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में शोध कर रही है। पुणे में चल रहे महाराष्ट्र एमएसएमई डिफेंस एक्सपो में वायुसेना ने एआई आधारित दो सॉफ्टवेयर प्रदर्शित किए हैं। इनमें एक स्पीच टू टेक्स्ट एंड टेक्स्ट टू कॉन्टेक्स्ट जनरेटर है। ये किसी भी भाषा की आवाज को टाइप कर टेक्स्ट में बदल सकता है और किसी भी भाषा को डीकोड कर सकता है। दूसरा एआई आधारित चौटबोर्ड फॉर एविएशन मेंटेनेंस 'ई सारथी' सॉफ्टवेयर है। यह विमान के मेंटेनेंस के दौरान फील्ड स्टाफ को ऑनलाइन काम में मदद करेगा। वायुसेना लो कॉस्ट टारगेट ड्रोन भी बनाएगी। दूसरी ओर, एक्सपो में पहली बार जोधपुर की कंपनी शक्ति मेकटेक ने दुनिया के सबसे लाइटवेट बुलेट प्रुफ जैकेट व हेलमेट दिखाए हैं। कंपनी पुणे में इसका उत्पादन कर रही है। जल्द जोधपुर में प्लांट होगा। दो देशों में इसका निर्यात भी किया जा रहा है। एक्सपो में इसे खरीदने की कई देशों की सेनाओं ने इच्छा जताई है। कंपनी के निदेशक चंद्रप्रकाश पंवार ने बताया कि अभी दो तरह के जैकेट और हेलमेट का उत्पादन हो रहा है। भारतीय सेना के साथ स्पेशल फोर्स ने इसे खरीदने की इच्छा जताई हैं। इसे एक साल पहले ही हमने विकसित किया है और 60 टेस्ट में खरे उतरने के बाद इसका उत्पादन शुरू हो गया।

**जरूरत के हिसाब से दो कैटेगरी की जैकेट बनाई**

पहली 2.2 किलो की लाइटवेट जैकेट है ये 9 एमएम बुलेट से रक्षा करने में सक्षम हैं। ये खासतौर से रैपिड एक्शन फोर्स के लिए बनाई गई है। दूसरी 8.5 किलो लाइटवेट जैकेट है। ये एके-47 जैसी ऑटोमैटिक राइफल की बुलेट को भी रोकने में सक्षम हैं। 700 ग्राम का बीपी हेलमेट छोटी व बड़ी दोनों तरह की बुलेस से सिर की रक्षा कर सकता है।

**वायुसेना ड्रोन में मेक इन इंडिया तकनीक का उपयोग करेगी**

एक्सपेंडेबल लो कॉस्ट टारगेट ड्रोन विकसित होगा। काउंटर मानव रहित हवाई वाहन प्रणालियों पर कर्मियों के प्रशिक्षण के लिए व्यय योग्य कम लागत वाले लक्ष्य ड्रोन का डिजाइन, विकास और आपूर्ति होगी। विश्व स्तरीय ड्रोन बनाने के लिए देश में ड्रोन तकनीक विकसित हो गई है। सिस्टम को हार्डवेयर के डिजाइन और विकास से लेकर सॉफ्टवेयर पूरी तरह से देश में ही बनाया जाना है। सीयूएवी को ऑपरेटर प्रशिक्षण देने के लिए विभिन्न आकारों और रडार क्रॉस सेक्शन के कई प्रकार के क्वाड कॉप्टर और फिक्स्ड विंग ड्रोन विकसित करने का प्रस्ताव है। समाज के युवा उद्यमी भाईयो नारायण पंवार, महेश पंवार, चन्द्रप्रकाश पंवार के नये इनोवेटिव से देश के जवानों को एक जीवन रक्षक जैकेट बनाने पर हार्दिक बधाई एवं अभिनन्दन


# डीग में सैंनी समाज के 19 जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह






डीग। यहां बसंत पंचमी के पावन अवसर पर शहर की भैरव कॉलोनी में सैनी समाज सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। जिसमें सैनी समाज के 19 जोड़ों के विवाह अलग-अलग मंडप बनाकर सनातन विवाह पद्धति से संपन्न कराए गए। इस मौके पर मुख्य अतिथि भाजपा के भाजपा विधायक डॉ. शैलेश सिंह का स्वागत किया गया। डॉ शैलेश सिंह ने कहा कि सामूहिक विवाहों के आयोजन से गरीब एवं मध्यमवर्ग परिवारों को मदद और संबल मिलता है। समाज के अन्य वर्गो को भी ऐसे आयोजनों के लिए आगे आना चाहिए। सैनी समाज द्वारा सभी नव विवाहित जोड़ों को दूल्हा दुल्हन के कपड़ों सहित गृहस्थी का इस मौके पर सैनी समाज के अध्यक्ष निरंजन लाल टकसालिया, केशव देव सैनी, अशोक सैनी, धर्म सिंह सैनी, देवी सिंह सैनी, पदम सैनी, मुरारी सैनी, गंगो पार्षद, श्याम, परशोती, मनीष आदि मौजूद थे। सामूहिक विवाहों का आयोजन दहेज और दिखावा जैसी सामाजिक को कुप्रथाओं के उन्मूलन की दिशा में एक सार्थक कदम है। सभी सामाजिक संस्थाओं को ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन के लिए आगे आना चाहिए।

# माली सैनी सन्देश













## ही क्यों ? क्योंकि, हमारे पास है सेकड़ों एन.आर. आई. सहित 5 हजार पाठकों का विशाल परिवार

### घर बैठे माली सैनी संदेश मंगाने के लिए भर कर भेजें

दिनांक ________

### सदस्यता फॉर्म

माली सैनी संदेश पत्रिका देश के प्रत्येक राज्य के प्रमुख शहरों के साथ ही ग्रामिण क्षेत्रों में माली सैनी समाज के लोगों की जानकारियाँ आपको विगत 15 वर्षो से हर माह पहुंचाकर समाज के विभिन्न वर्गो में हो रहे समाज उत्थान एवं शिक्षा तथा अन्य क्षेत्र के विकास कार्यो की जानकारी प्रदान कर रहा है। समय समय पर समाज के विभिन्न आयोजनों की भी विस्तृत जानकारी पत्रिका के प्रकाशन के माध्यम से सभी को उपलब्ध कराई जा रही है। यहीं नहीं देश के बाहर विदेशों में रह रहे समाज बंधुओं को भी समाज की संपूर्ण जानकारी वेब–साईट के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा रही है। समाज की प्रथम ई–पत्रिका होने का गौरव भी आप सभी के सहयोग से हमें ही मिला है।

हमारी वेबसाईट www.malisaini.org में समाज के सभी वर्गो की विस्तृत जानकारियां उपलब्ध है एवं www.malisainisandesh.com में हमारी मासिक ई पत्रिका के वर्तमान एवं पूर्व के अंकों का खजाना आपके लिए हर समय उपलब्ध है। आप हमें पे–टी.एम. से मोबाईल नंबर 9414475464 पर भी सदस्यता शुल्क भेज पत्रिका प्राप्त कर सकते है।

**डाक से नियमित रूप से निम्न पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका भेजने के लिए डिमाण्ड ड्राफ्ट/ मनीआर्डर माली सैनी संदेश के नाम से भेज रहा हूं।**

नाम/संस्था का नाम ________

पता ________

फोन/मोबाईल ________ ई-मेल ________

ग्राम ________ पोस्ट ________ तहसील ________

जिला ________ पिनकोड ________

राशि (रूपये) ________ बैंक का नाम ________

डिमाण्ड ड्राफ्ट/मनीआर्डर क्रमांक ________ (डीडी/एमओ माली सैनी संदेश के नाम से भेजें)

**अतः मुझे/हमें भी अंग्राकित पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका डाक द्वारा भेजें।**

दिनांक ________ हस्ताक्षर

होटल सिटी पैलेस के पीछे, नई सड़क, जोधपुर - 01 मो. 77379 54550 ( रजि. कार्यालय )

Mobile : 94144 75464 Visit us at : www.malisainisandesh.com
www.malisaini.org. E-mail :malisainisandesh@gmail.com; editor@malisaini.org

**हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी जो कि समाज में हो रही है।**

## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि
हमारी क्रियेटिव टीम के साथ
यह सजाती है आपके ब्राण्ड को पूरे
देश ही नहीं विदेशों में भी

### RATES

Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 10,000/- |
| Inside Cover | 5,000/- |

INNER COLOR

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

Cell : 94144 75464

log on : www.malisainisandesh.com
e-mail : malisainisandesh@gmail.com
e-mail : editor@malisaini.org

**रजि. कार्यालय : होटल सिटी पैलेस के पीछे, नई सड़क, जोधपुर - 01 मो. 77379 54550 ( कार्यालय )**



।। श्री चामुण्डा मातायै नमः ।।
।। श्री गणेशाय नमः ।।
।। ॐ नम शिवाय ।।
संत शिरोमणी श्री दादा शिवगर स्वामीजी
हार्दिक निमंत्रण
आपको सुचित करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि अपने माली समाज के
श्री श्री 108 दादा शिवगर स्वामीजी
13-14 मार्च 2024
ने संवत् 1828 मीती चैत्र सुदी 5, शुक्रवार के दिन समाधी ली थी। जिस की वर्ष गांठ हर साल की तरह संवत् 2080, दिनांक 13 मार्च 2024 बुधवार तिथि 4 को रखी गयी हैं अत: इस मांगलिक प्रसंग पर सभी माली समाज के न्याति बंधुओं का पधारने हेतु हार्दिक आमंत्रित किया जाता है।
खेमोजी
पुत्र श्री मोटूजी पड़ियार
एवं भूतानी परिवार
( 9 वां सेक्टर,
CHB जोधपुर )
भगत मेवाराम
जयरामदास
रमेशकुमार
पुत्र श्री
लेखराजजी पंवार
( गांधीनगर, जोधपुर )
भण्डारा-प्रसादी एवं पत्रिका के सौजन्य
शुभ कार्यक्रम
सुन्दरकाण्ड : फाल्गुन सुदी 4, दि. 13 मार्च 2024, बुधवार सायं 5 बजे
धुप व आरती : फाल्गुन सुदी 4, दि. 13 मार्च 2024, बुधवार सायं 8.15 बजे
सत्संग : फाल्गुन सुदी 4, दि. 13 मार्च 2024, बुधवार रात्रि 9 बजे
भोजन प्रसाद : फाल्गुन सुदी 4, दि. 13 मार्च 2024, बुधवार रात्रि 9 बजे
धूप व आरती : फाल्गुन सुदी 5, दि. 14 मार्च 2024, गुरूवार सुबह 8.15 बजे
भोजन प्रसाद : फाल्गुन सुदी 5, दि. 14 मार्च 2024, गुरूवार सुबह 11.15 बजे
प्लॉट नं. 2 वैशाली टाऊनशिप, डाली बाई मन्दिर से आगे, झंवर रोड़, जोधपुर
निमंत्रक - समस्त माली समाज, जोधपुर
मो. 99830 53816, 96363 71417, 70143 04139, 73000 00294

प्रेषण तिथि : 28/29 फरवरी, 2024
समाचार पत्रिका पंजीयन सं. :RAJHIN/2013/60831
मुद्रण तिथि : 27 फरवरी , 2024
Postal Regd No. Jodhpur/496/2021-23
प्रेषण स्थान : RMS जोधपुर




स्वत्वाधिकारी संपादक / मालिक / प्रकाशक / मुद्रक
मनीष गहलोत के लिए भण्डारी ऑफसेट, न्यू पॉवर हाऊस
सेक्टर-7, जोधपुर से छपवाकर माली सैनी संदेश कार्यालय
सोजती गेट के अंदर, जोधपुर (राजस्थान) से प्रकाशित
फोन : 9414475464
ई-मेल - malisainisandesh@gmail.com

पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR